RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 178 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 18 जून, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

बुलंदशहर में भीषण हादसा

## कार में जिंदा जले एक ही परिवार के पांच लोग

### शादी में शामिल होकर बदायूँ से लौट रहे थे दिल्ली

**बुलंदशहर (एजेंसी)।** बुलंदशहर जनपद में दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। देर रात एक कार पुलिया से टकराकर आग की चपेट में आ गई, जिसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। मरने वाले एक ही परिवार के बताए जाते हैं। परिवार के सदस्य बदायूँ में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस दिल्ली के मालवीय नगर लौट रहे थे।





जानकारी के मुताबिक घटना बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जानीपुर चंदौस के पास की है। जानकारी के मुताबिक कार सवार सभी लोग बदायूं जनपद के सहसवान से दिल्ली के मालवीय नगर लौट रहे थे। शादी समारोह से लौटते वक्त कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में तुरंत आग लग गई और वह आग का गोला बन गई। पुलिस ने बताया कि तनवीज अहमद पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में एक निजी कंपनी में इंजीनियर है वह अपने परिवार के साथ स्विफ्ट कार से बदायूँ के सहसवान गए थे। सहसवान में शादी समारोह में हिस्सा लेकर वह वापस लौट रहे थे। इस दौरान यह हादसा हो गया। इस हादसे में तनवीज अहमद (24 वर्ष), पुत्र तनवीर अहमद, मोमिना (22 वर्ष), पुत्री तनवीर अहमद, जुवेर अली (25 वर्ष), पुत्र औसत अली, निदा (20 वर्ष), पुत्री हसीब अहमद, जैनुल (2 वर्ष), पुत्री जुबेर अली शामिल हैं। वहीं, इस हादसे में 17 वर्षीय गुलनाज पुत्री तनवीर (शेष पृष्ठ-4 पर)

पीएम मोदी की ट्रंप से बात

## मध्यस्थता ना कभी स्वीकारी, ना स्वीकारेंगे : प्रधानमंत्री

### ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से सीधी बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आग्रह पर उनसे फोन पर लंबी बातचीत की। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत-पाकिस्तान और अमेरिका के बीच हुए घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीजफायर तक पहुंचने के लिए कभी भी, किसी भी स्तर पर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील या अमेरिका द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी।

इस बातचीत में पीएम मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि भारत-पाकिस्तान के बीच इंडिया ने न तो कभी किसी की मध्यस्थता स्वीकार की थी, न स्वीकार करता है, और न ही कभी करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत इस मुद्दे पर राजनीतिक रूप से पूरी तरह से एकमत है।



पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच हुए फोन कॉल की विस्तृत जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात जी-7 की साइडलाइन में होनी तय थी। बता दें कि पीएम मोदी कनाडा के कनानैस्किस जी-7 समिट में शामिल होने पहुंचे थे। यहां से राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी लौटना पड़ा इस वजह से ये मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर आज दोनों लीडर्स की फोन पर बात हुई। ये बातचीत लगभग 35 मिनट तक चली।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि 22 अप्रैल को राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को फोन पर शोक संवेदना प्रकट की थी और आतंक के खिलाफ समर्थन व्यक्त किया था। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच ये पहली बात थी।

## प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त भूमि से मिट्टी खनन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि से अवैध रूप से मिट्टी चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी जेसीबी डंपर की मदद से मिट्टी चोरी कर रहा है। नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-10 के अवर अभियंता शेखर चौहान ने बताया कि सेक्टर 153, 154 में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित एवं कब्जा प्राप्त भूमि है। बडोली गांव का रहने वाला मिंटू कसाना पुत्र बदले कसाना इन सेक्टरों से अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहा है। मिंटू कसाना द्वारा देर सबेर डंपर व जेसीबी के द्वारा मिट्टी चोरी (शेष पृष्ठ-4 पर)


## जंग शुरू हो चुकी है, इजरायल को अंजाम भुगतना होगा : खामेनेई

### इजरायल ने रिफाइनरीज और सैन्य कमांड किया तबाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष खतरनाक मोड़ पर आ चुका है। ईरान के प्रमुख खामेनेई ने कहा है कि जंग शुरू हो चुकी है। जल्द ही इजरायल पर बड़ी कार्यवाही की जाएगी। खामेनेई ने कहा है कि इजरायल को ईरान पर हमले का अंजाम भुगतना पड़ेगा। वहीं इजरायल ने चेतावनी दी है कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट है अब हम ईरान के सैन्य ठिकानों पर बड़ा हमला करेंगे।

इजरायल और ईरान के बीच संघष छठे दिन भी जारी है।

### ईरान बिना शर्त सरेंडर करे : ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका को पता है कि खामेनेई कहां छुपा है। अभी वह सुरक्षित है। हम नहीं चाहते कि वह अमेरिका का निशाना बने। इसलिए ईरान बिना शर्त सरेंडर करे। हमारा धैर्य खत्म हो रहा है।





दोनों ओर से एक-दूसरे पर भीषण बमबारी जारी है। इजरायल रक्षा बलों ने ईरान की रिफाइनरीज और सैन्य कमांड पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया। जबकि ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

## प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर काफी गंभीर : कमलावती सिंह

- **उत्तर प्रदेश राज्य महिला कल्याण निगम की चेयरमैन ने की समीक्षा बैठक**

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष तथा दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्रीमती कमलावती सिंह ने आज महिला सशक्तिकरण, बाल श्रम ,समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके महिलाओं से संबंधित शिकायतों का तुरंत संज्ञान लेकर समाधान करने के निर्देश दिए। सेक्टर 38 स्थित गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में महिलाओं के उत्पीड़न तथा उनसे संबंधित अन्य शिकायतों पर हुए तुरंत संज्ञान लेकर तथा उनका प्राथमिकता से निस्तारण करें। (शेष पृष्ठ-4 पर)



*उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज ग्रेटर नोएडा के दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आकिलपुर में आयोजित जनसभा में पहुंचे। डिप्टी सीएम के साथ गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य इस जनसभा में केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को बताएंगे।*




## ट्रोला की टक्कर से युवक ने गंवा दिए दोनों पैर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र के रोजा गांव के पास बने फ्लाईओवर पर तेज गति में आ रहे ट्राला ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार के उपचार के दौरान दोनों पैर काटने पड़े। पीड़ित के भाई ने ट्रोला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जनपद हापुड़ निवासी (22 वर्षीय) आकाश पुत्र देवेंद्र कुमार अपने दोस्त फिरोज के साथ 15 जून की सुबह बाइक से नोएडा ड्यूटी के लिए जा रहा था रोज फाटक के पास फ्लाईओवर पर पीछे से तेज गति में आ रहे टोला के चालक ने उनके बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से आकाश में फिरोज सड़क पर गिर गए। इस दौरान टोला के पिछले पहिए आकाश के पैर के ऊपर से उतर गए हादसे के बाद ओला चालक मौके से फरार हो गया गंभीर स्थिति में आकाश को (शेष पृष्ठ-4 पर)

## किशोरी को भगा ले गया युवक

**नोएडा (चेतना मंच)।** मोरना गांव से युवक एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया है। मोरना गांव में किराए पर रहने वाले विनोद (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 17 जून को वह और उनकी पत्नी किसी काम से घर से बाहर गए थे कुछ देर बाद जब वापस लौटे तो उनकी बेटी घर से गायब थी। उन्होंने जब अपनी बेटी की तलाश की तो पता चला कि निठारी गांव में रहने वाला सोनू उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसने दोनों की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी युवक व किशोरी की तलाश की जा रही है।

## दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में संध्या ने बताया कि वह अपने पति संजय के साथ बाइक से जा रही थी। एनएसईजेड चौकी क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पति-पत्नी सड़क पर जा गिरे। इस हादसे में संजय को गंभीर चोटें आई संजय को शुरुआत में नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान संजय की मौत हो गई पुलिस का कहना है की संध्या की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।



## यामाहा कंपनी के दो कर्मचारियों की दुर्घटना में मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।**

थाना सूरजपुर क्षेत्र के निक्को मोड पर डीसीएम कैंटर की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय दोनों युवक यामाहा कंपनी में अपनी ड्यूटी के लिए जा रहे थे। सड़क हादसे में दोनों युवकों की मौत की जानकारी मिलने पर उनके परिवार में कोहराम मच गया।

ग्राम खुर्शीदपुरा थाना झारखंड निवासी धीरज पुत्र जोगिंदर व कुलदीप कुमार पुत्र गोपाल सिंह आज सुबह बाइक से यामाहा कंपनी में ड्यूटी के लिए आ रहे थे। वह जैसे ही निक्को मोड पर पहुंचे तो तेज गति में आ रहे डीसीएम कैंटर का चालक संतुलन खो बैठा और बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि धीरज की मौके पर ही मौत हो गई। घायल कुलदीप कुमार को पुलिस टीम ने तुरंत उपचार के लिए शारदा अस्पताल में भर्ती कराएगा जहां कुछ देर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद डीसीएम कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जानकारी मिलने पर दोनों मृतकों के परिजन व उनके सहकर्मी भी मौके पर पहुंचे। दोनों युवकों की मौत से परिजन और उनके सहयोगी गमगीन थे।

## पैसों के लेनदेन को लेकर दंपत्ति से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पैसों के लेनदेन को लेकर चार लोगों ने एक दंपति के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपियो ने थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाना सूरजपुर में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



मूल रूप से अलीगढ़ के रहने वाले मनोज कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में तुगलपुर गांव में रह रहा है। उसे शिवा से अपने पैसे लेने थे। 14 मार्च को शिवा ने फोन कर पैसों के लेनदेन के लिए उसे मोजरबियर कंपनी के पास बनी झुग्गी में बुलाया। मनोज कुमार के मुताबिक वह अपनी पत्नी खुशबू के साथ शिवा के बताए गए स्थान पर पहुंचा। वहां शिवा के अलावा उसका पिता वीरेंद्र, भाई गोलू और बहनोई प्रदीप भी मौजूद थे। चारों लोगों ने उसे देखते ही गालियां देनी शुरू कर दी। उसने जब गाली (शेष पृष्ठ-4 पर)

## युवा कांग्रेस के महारोजगार मेले का पोस्टर लॉंच

**नोएडा (चेतना मंच)।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवक कांग्रेस नई दिल्ली में मेगा जॉब फेयर का आयोजन करने जा रही है। इसी कड़ी में आज युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जावेद खान ने महारोजगार मेले का पोस्टर लांच किया तथा सैकड़ों युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह महारोजगार मेला उन हजारों युवाओं के सपनों को एक मंच देने की कोशिश है जो अपने हुनर को पहचान दिलाना चाहते हैं । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के अलावा उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन, परवेज, अशरफ, प्रेम शाह, राजेश, अरशद, संजय, रिजवान, गुड़िया चौधरी, कृष्णा, रुखसार बानो, जरीना खातून, भारत समेत सैकड़ो युवा मौजूद थे।



## ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे चोरों के निशाने पर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा के मध्य नजर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे एवं उनका साजो सामान चोरों के निशाने पर है। चोरों ने एक्सप्रेस वे पर अलग-अलग स्थान से कैमरा पोल के कैबिनेट को तोड़कर आठ बैटरी, दो सोलर इनवर्टर, मीडिया कन्वर्टर व अन्य सामान चोरी कर लिया। एक्सप्रेसवे पर देखरेख करने वाली कंपनी के सेफ्टी ऑफिसर ने थाना ईकोटेक-1 में मुकदमा दर्ज कराया है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर देखरेख करने वाली कंपनी सिस वानजव के सेफ्टी ऑफिसर पंकज कुमार गौतम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 जून की रात्रि को अज्ञात चोरों ने एक्सप्रेस वे एनएचएआई द्वारा लगाए गए कैमरा पैनल के कैबिनेट को तोड़कर कर बैटरी एक सोलर इनवर्टर एक मीडिया कन्वर्टर व अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरों ने एक्सप्रेस वे पर चोरी की दूसरी घटना को 8 जून की रात्रि को (शेष पृष्ठ-4 पर)



## ट्रोल और धमकी

सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों को ट्रोल करने और धमकी देने की घटनाओं में हाल के दिनों में चिंताजनक स्तर तक तेजी आई है। लेकिन असहमति और विरोध की सीमा यदि जान लेने की हद तक जा पहुंचती है तो किसी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज के लिये यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। कहीं न कहीं देश में कठोर नियामक व्यवस्था का न होना भी ऐसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देता है। हालिया घटनाक्रम में बंठिडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी, जिन्हें कमल कौर भाभी के नाम से भी जाना जाता है, की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या हमें इस बात की याद दिलाती है कि कथित नैतिकता के नाम पर मोरल पुलिसिंग, जो कभी ऑनलाइन ट्रोलिंग तक सीमित थी, अब हिंसक आपराधिकता में बदल गई है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या को अंजाम देने वाला कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरोन, कथित तौर पर कौम दे राखे नामक एक कट्टरपंथी समूह का प्रमुख बताया जाता है। जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा प्रसारित की गई सामग्री को कथित तौर पर अनैतिक कृत्य के रूप में दर्शाते हुए हत्या को सही ठहराने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, हत्याकांड के बाद संयुक्त अरब अमीरात भागने के बाद हत्या को सही ठहराते हुए, एक वीडियो को जारी करना, संकीर्ण मानसिकता का दुस्साहस ही दर्शाता है। निस्संदेह, यह मामला संकीर्णता के पोषक और कट्टरपंथी तत्वों की सोच से अलग नहीं है। यह उस दुराग्रही सोच की कड़ी का ही हिस्सा है, जो हिंसा और धमकियों के माध्यम से महिलाओं की अभिव्यक्ति पर सोशल पुलिसिंग के जरिये शिकंजा कसने की कोशिश में रहती है। गाहे-बगाहे देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग समूहों द्वारा ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। पिछले दिनों बेंगलुरू में भी एक महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को केवल उसके पहनावे को अभद्र बताते हुए एसिड हमले की धमकी दी गई। इस धमकी भरे वीडियो के वायरल होने के बाद उस व्यक्ति को उसके नियोक्ता ने नौकरी से निकाल दिया। यह विडंबना ही है कि कभी ऐसे मामले पाकिस्तान व अफगानिस्तान में महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को लेकर सामने आते थे। अब भारत में कथित सांस्कृतिक शुचिता व नैतिकता के नाम पर ऐसे हमले किए जा रहे हैं। एक अन्य खतरनाक घटना में, एक लोकप्रिय यूट्यूब शो में दिखाई देने वाली एक डिजिटल निर्माता अपूर्वा मुखीजा को बलात्कार और जान से मारने की ऑनलाइन धमकी दी गई। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। निस्संदेह, इन घटनाक्रमों का पैटर्न स्पष्ट है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष रूप से महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। सवाल उठता है कि उनके इन मूल्यों को कौन परिभाषित करता हैज् और किसने उन्हें इस सतर्कता को लागू करने का अधिकार दियाज् बठिंडा की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पंजाब महिला आयोग ने निंदा करके सही कदम उठाया है, लेकिन केवल आधिकारिक निंदा पर्याप्त नहीं है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मामलों को सुनियोजित अपराधों के रूप में दर्ज करना चाहिए, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को खतरा पहुंचाते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भी इस दिशा में जिम्मेदारी उठानी चाहिए कि वे समय रहते सोशल मीडिया के दुरुपयोग रोकें व घृणास्पद सामग्री को अपने प्लेटफॉर्म से हटाएं। साथ ही सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी एक अपरिहार्य अंग है। निश्चित रूप से अभिव्यक्ति की आजादी की अपनी सीमाएं भी हैं। हालांकि, यह आजादी आलोचना से प्रतिरक्षा नहीं देती, लेकिन यदि आलोचना किसी की मर्यादा को नुकसान पहुंचाने या हत्या की धमकी में तब्दील होने लगे, तो शासन-प्रशासन को सख्त संदेश देना चाहिए। खासकर डिजिटल सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। विशेषकर जब डिजिटल निगरानी शारीरिक हिंसा में बदलने लगे। जिसे किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसे मामलों में अभी से सख्ती न दिखाई गई तो समाज में ऐसी हिंसक कार्रवाई की घटनाओं को थामना मुश्किल हो जाएगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( शिवजी कहते हैं कि- ) मैंने और ब्रह्मा ने मिलकर उसे वर दिया कि ऐसा ही हो, तुमने बड़ा तप किया है। फिर ब्रह्माजी कुंभकर्ण के पास गए। उसे देखकर उनके मन में बड़ा आश्चर्य हुआ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जौं एहिं खल नित करब अहारू। होइहि सब उजारि संसारू॥**
**सारद प्रेरि तासु मति फेरी। मागेसि नीद मास षट केरी॥**

जो यह दुष्ट नित्य आहार करेगा, तो सारा संसार ही उजाड़ हो जाएगा। (ऐसा विचारकर) ब्रह्माजी ने सरस्वती को प्रेरणा करके उसकी बुद्धि फेर दी। (जिससे) उसने छह महीने की नींद माँगी॥

**दो0-गए बिभीषन पास पुनि कहेउ पुत्र बर मागु।**
**तेहिं मागेउ भगवंत पद कमल अमल अनुरागु॥**

फिर ब्रह्माजी विभीषण के पास गए और बोले- हे पुत्र! वर माँगो। उसने भगवान के चरणकमलों में निर्मल (निष्काम और अनन्य) प्रेम माँगा॥

**तिन्हहि देइ बर ब्रह्म सिधाए। हरषित ते अपने गृह आए॥**
**मय तनुजा मंदोदरि नामा। परम सुंदरी नारि ललामा॥**

उनको वर देकर ब्रह्माजी चले गए और वे (तीनों भाई) हर्षित हेकर अपने घर लौट आए। मय दानव की मंदोदरी नाम की कन्या परम सुंदरी और स्त्रियों में शिरोमणि थी॥

**( क्रमशः... )**

# साइप्रस यात्रा के जरिए तुर्की को कूटनीतिक जवाब

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते।

दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है। देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों ?

इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्की में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्की के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने ट्वीटर पर 'पाकिस्तान-तुर्की दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्की का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया



**दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है।**

था। छह फरवरी 2023 को तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में तुर्की में 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी, हजारों लोग घायल हो गए थे। जान-माल के भारी नुकसान के बाद भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्की पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्की के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्की की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। तुर्की को लेकर भारतीय समुदाय की सोच अब भी ऐसी ही है। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्की ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्की को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर के मसले पर तुर्की हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस और तुर्की के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्की मूल के लोग रहते हैं। तुर्की के दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्की ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्की ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्की की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। यह शहर अपने बहुमंजिला भवनों के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां पूरे साल सैलानी आते रहते थे। लेकिन जब से तुर्की के कब्जे में यह शहर है, सैलानियों के लिए तरस रहा है। तुर्की की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्की के कब्जे वाले इलाके को तुर्की ने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्की के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस ने कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्की के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्की जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्की के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्की की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्की को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत तुर्की के खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्की को भी चौंकाया है। तुर्की के राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्की की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। हालांकि अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। जाहिर है कि तुर्की के कदम का इजरायल विरोध कर रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत की साइप्रस यात्रा इस कॉरीडोर में भारत की संभावनाओं की भी खोज करती है। साइप्रस जाने वाली पहली भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रहीं, जिन्होंने 1983 में इस देश का दौरा किया था, इसके उन्नीस साल बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने साइप्रस की यात्रा की थी। इसके 23 साल बाद मोदी की यात्रा हो रही है। यह यात्रा तुर्की को जवाब भी है और भारत की यूरोपी संघ से सीधे कारोबारी संपर्क की कोशिश भी।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।**

## परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध

इजरायल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजरायल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजरायल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाशचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, जब तक इजरायल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है। इजरायल ने 13 जून, 2025 को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजरायल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिए ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजरायली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजरायली डिफेंस सिस्टम ने इजरायल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए। इधर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, आज 61वां दिन था। फलत- इजरायल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजरायल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है।

दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम 235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजरायल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देश हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो देनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमरीका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमरीका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमरीका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजरायल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था। ईरान और इजरायल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है।

लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छद्म युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजरायल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजरायल से करीब 1800 किमी. की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजरायल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजरायल को अमरीका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमरीका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजरायल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजरायल और अमरीका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजरायल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजरायल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजरायल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमरीका को इजरायल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमरीका दोतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। क्योंकि अमरीका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजरायल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजरायल का सहयोग भी किया था। इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेशकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजरायल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजरायल का संघर्ष और बढ़ेगा? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है।

**-प्रमोद भार्गव**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

**आषाढ़ माह कृष्ण पक्ष सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन अप्रसन्न बना रहेगा। बच्चों को लेकर के चिंतित रहेंगे आप।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सरकारी पचड़ों में ना पड़ें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम संतान लगभग ठीक है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा कष्टकारी हो सकती है। यद्यपि शुभता बनी रहेगी। प्रेम, संतान अच्छा रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। कोई रिस्क ना लें। जोखिम भरा समय है। स्वास्थ्य मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार ठीक-ठाक।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा लेकिन डिस्टरबेंस भी बना रहेगा। कार्यों में विघ्न बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। बच्चों की स्थिति खराब। प्रेम की स्थिति खराब। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय नहीं रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
कलहकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी में अड़चन का सामना करना पड़ेगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
व्यापारिक स्थिति मध्यम। नाक, कान, गला की परेशानी होगी। स्वयं का स्वास्थ्य और अपनों का स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
धन हानि के संकेत हैं। जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसे न लगाएं। आर्थिक रिस्क बिल्कुल न लें।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
घबराहट बेचैनी बनी रहेगी। नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। मन खिन्न रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
सिर दर्द, नेत्र पीड़ा, अज्ञात भय सताएगा। खर्च की अधिकता रहेगी। अनाब शनाब खर्चे होंगे। स्वास्थ्य मध्यम।

# बीएचईएल कम्पनी पर धरना जारी




**नोएडा ( चेतना मंच )।** अन्याय, शोषण उत्पीड़न के खिलाफ के खिलाफ एवं अपने हक अधिकार व रोजगार के लिए बीएचईएल कम्पनी पर 17 जून 2025 को 56 वें दिन भी कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा है। आंदोलन के बारे में जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि मैसर्स- भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर-25, सेक्टर- 16, नोएडा के प्रबंधन द्वारा संस्थान में वर्षों वर्षों से लगातार स्थाई रूप से कार्यरत श्रमिकों का लगातार आर्थिक शोषण, उत्पीड़न करने संस्थान पर लागू वेतनमान श्रमिकों को भुगतान न करने और उक्त पर संगठित होकर आवाज उठाने पर 17 से 21 अप्रैल 2025 के मध्य 17 कर्मचारियों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाल दिया जिसके खिलाफ 23 अप्रैल 2025 से कर्मचारियों ने धरना शुरू किया जो आज 17 जून 2025 को भी दिन भर जारी रहा।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव रामसागर ने कहा कि कंपनी प्रबंधन निकाले गए सभी कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति सहित कार्य पर पुनः बहाल करें अन्यथा तय कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन संस्थान के समक्ष आंदोलन जारी रहेगा।

# वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ी धाक : उद्यम पंडित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उद्यम पंडित ने केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई दिशा में ले जाने का जो काम किया है। वह स्वागत के योग्य है और आज 11 साल बेमिसाल को लेकर पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव एवं क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत देश की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि



स्वदेशी उपकरणों के निर्माण से देश की सीमाएं पहले से अधिक सुरक्षित हुई है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 की समाप्ति राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी योजनाओं के माध्यम से देश सांस्कृतिक बुनियादी विकास से आगे बढ़ा है, एयरपोर्ट स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय अस्पताल और नए उद्योगों का तेजी से निर्माण हुआ है। उन्होंने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आज हम सभी मिलकर भारत को विकसित निर्माण भारत बनाने की ओर अग्रसर हैं।

# बीटा-1 में गंदगी का अंबार प्राधिकरण अधिकारी मौन

**चेतना मंच**

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर बीटा-1 में प्राधिकरण की तुगलकी नीति के कारण कई जगह गंदगी व मलबे के ढेर पड़े हुए हैं। इसकी शिकायत कई बार प्राधिकरण अधिकारियों से की गई, लेकिन कूड़े को वहां से हटाया नहीं गया है। लोगों ने बताया कि मलवे एवं गंदगी से उठ रही बदबू के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं संक्रामक बीमारी के भी फैलने की आशंका बनी हुई है।



# चौरी एवं मानिकपुर में सम्पन्न हुआ चौपाल कार्यक्रम



**भदोही ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा के नेतृत्व में तथा जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी के दिशा निर्देशन में जनपद के सभी शक्ति केंदों पर चौपाल के कार्यक्रम चल रहे हैं जिसमें केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार-11-साल गौरवशाली पूर्ण करने के उपरांत रिपोर्ट कार्ड के साथ मुख्य वक्ताओं के साथ जनता के बीच में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहते हैं और पार्टी के द्वारा किए गए योजनाओं के बारे में चर्चा की।

इसी बीच मंडल चौरी शक्ति केंद्र मानिकपुर ग्राम सभा समालकोट में चौपाल का कार्यक्रम संपन्न हुआ वहां पर मुख्य अतिथि जिला मीडिया प्रभारी भाजपा गोवर्धन राय उपस्थित होकर-11-साल की कार्य योजना को बताइए और जनता को आयुष्मान कार्ड जो बचे हुए पात्र व्यक्ति हैं उनको चिन्हित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रमुखता से बात रखी गई।

कार्यक्रम के अगली कड़ी में मुख्य अतिथि युवा नेता मनीष पांडेय ग्राम सभा भूडकी शक्ति केंद्र भीधुरा मैं उपस्थित होकर कार्यक्रम के बीच उपस्थित बैठी जनता को संबोधित किया लास्ट में सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए कार्यक्रम को समापन किया गया कार्यक्रम महाराजगंज मंडल ममहर मोढ मंडल सुरियावा चौरी गोपीगंज सेमराध नाथ पाली गोपीगंज जगन्नाथपुर सभी शक्ति केदो पर चौपाल के कार्यक्रम सम्मान हुए। साथ में उपस्थित कार्यक्रम के संयोजक जिले की अखिलेंद्र सिंह बघेल चिंटू राज यादव सह संयोजक प्रियंका जायसवाल शक्ति केंद्र संयोजक प्रीतम पाठक पाठक सहित लालमणि मिश्रा योगेंद्र बहादुर सिंह छत्रपति सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# वाम दलों ने जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** फिलिस्तीन के साथ राष्ट्रीय एकजुटता दिवस के तहत मे भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी व अन्य वामपंथी पार्टियों ने आज जंतर मंतर नई दिल्ली पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीपीआई (एम) के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड एम ए बेबी ने कहा कि हम चाहते हैं कि गांजा में नरसंहार तुरंत बंद हो और भारत सरकार इजरायल के साथ सहयोग करना बंद करें और फिलीस्तीन मुक्ति का समर्थन करें।

प्रदर्शन में नोएडा से माकपा नेता रामसागर, गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामस्वारथ, रेखा चौहान, गुड़ि़या देवी, पिंकी देवी हरकिशन सिंह आशा यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# स्ट्रीट लाइटों का किया निरीक्षण



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इलेक्ट्रिक विभाग के सीनियर मैनेजर सौरव भारद्वाज ने कल शाम बारिश के दौरान सेक्टर बीटा- 1 में निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अगर कहीं भी स्ट्रीट लाइट बंद है या कहीं इलेक्ट्रिक से संबंधित कोई समस्या है तो इसकी शिकायत प्राधिकरण में की जा सकती है।

# इफको फूलपुर में पर्यावरण सप्ताह का हुआ समापन

**नाम-परिवर्तन**

मैं, रित्विक एन.ए. (RITHVIK NA), अपनी माँ, रेखा पी (REKHA P) द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया नाबालिग, कानूनी रूप से, ASHOKA N., संख्या-14650742, रैंक-HAV, स्थायी पता: दरवाजा संख्या 1/352. नेलप्पल हाउस, पडनूर गाँव, पडनूर पोस्ट, पुट्टुर तालुक, जिला दक्षिण कन्नड़, पिन कोड 574220, कर्नाटक के पुत्र, ने नोटरी रामानाथ ए., पुट्टुर के समक्ष शपथ लेते हुए शपथ पत्र दिनांक 20-05-2025 के अनुसार, सभी उद्देश्यों हेतु अपना नाम Rithvik N (पिता के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार) से बदलकर RITHVIK NA एवं मेरे पिता का नाम ASHOK N (पिता के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार) से बदलकर ASHOKA N (मेरे आधार कार्ड के अनुसार) कर दिया है।

**नाम-परिवर्तन**

मैं, रिहान्वी एन ए (RIHANVI N A), अपनी माँ, रेखा पी (REKHA P) द्वारा प्रतिनिधित्व की गई नाबालिग, कानूनी रूप से, ASHOKA N., संख्या-14650742, रैंक-HAV, स्थायी पता-दरवाजा संख्या 1/352, नेलप्पल हाउस, पडनूर गाँव, पडनूर पोस्ट, पुट्टुर तालुक, जिला दक्षिण कन्नड़, पिन कोड-574220, कर्नाटक की पुत्री, ने नोटरी रामानाथ ए., पुट्टुर के समक्ष शपथ लेते हुए शपथ पत्र दिनांक 20-05-2025 के अनुसार, सभी उद्देश्यों हेतु अपना नाम RIHANVI N (पिता के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार) से बदलकर RIHANVI N A एवं मेरे पिता का नाम ASHOK N (पिता के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार) से बदलकर ASHOKA N (मेरे आधार कार्ड के अनुसार) कर दिया है।

**नाम-परिवर्तन**

मैं, रेखा पी (REKHA P), कानूनी रूप से ASHOKA N., संख्या-14650742, रैंक-HAV, स्थायी पता: दरवाजा संख्या 1/352, नेलप्पल हाउस, पडनूर गाँव, पडनूर पोस्ट, पुटुर तालुक, जिला दक्षिण कन्नड़, पिन कोड 574220, कर्नाटक की पत्नी, ने नोटरी रामानाथ ए., पुट्टुर के समक्ष शपथ लेते हुए शपथ पत्र दिनांक 20-05-2025 के अनुसार, सभी उद्देश्यों हेतु अपने पति का नाम ASHOK N (पति के सेवा रिकॉर्ड के अनुसार) से बदलकर ASHOKA N (मेरे आधार कार्ड के अनुसार) कर दिया है।

**प्रयागराज ( चेतना मंच )।** इफको घियानगर, फूलपुर इकाई में पर्यावरण सप्ताह का समापन समारोह सोमवार को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें इकाई प्रमुख एवं वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक श्री संजय कुदेशिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह में कुदेशिया ने कहा कि यदि हम वास्तव में अपने परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाना चाहते हैं तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन से प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह समाप्त करना होगा। उन्होंने नैनो उर्वरकों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि पारंपरिक यूरिया की तुलना में अधिक प्रभावी भी है। उन्होंने अपील की कि हर परिवार साल में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाए ताकि हरियाली और




स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में 5 स्थानीय किसानों ने मंच से नैनो उर्वरकों के प्रयोग से प्राप्त सकारात्मक अनुभव साझा किए और बताया कि इससे फसल की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचा। इन किसानों को सम्मानित भी किया गया।

वरिष्ठ प्रबंधक (ई.पी.सी.) उमेश कुमार ने प्लास्टिक प्रदूषण पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यदि प्लास्टिक का यही रुझान बना रहा तो 2050 तक समुद्रों में प्लास्टिक कचरे की मात्रा मछलियों से अधिक हो जाएगी। उन्होंने जूट और कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही। इस अवसर पर स्थानीय बच्चों द्वारा प्रस्तुत लघु नाटिका ने सबका मन मोह लिया। नाटक में नैनो उर्वरक के पर्यावरण अनुकूल उपयोग को रोचक ढंग से दर्शाया गया। दर्शकों ने इसे खूब सराहा।

समापन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पर्यावरण विषयक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच से पुरस्कार प्रदान किए गए। अन्य प्रमुख अतिथियों में कार्यकारी निदेशक (तकनीकी) संजय वैश्य, वरिष्ठ महाप्रबंधक ए.पी. राजेन्द्रन, महाप्रबंधक संजय भंडारी, संयुक्त महाप्रबंधक ए.के. गुप्ता, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शंभू शेखर, टाइम्स ऑफ इंडिया के गोपाल श्रीवास्तव व अमीत श्रीवास्तव, भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक दुर्गेश पांडेय तथा इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयम् प्रकाश शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डी.के. शुक्ल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मनोज तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इफको के अधिकारी, कर्मचारी, महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे, जिससे समारोह में सामुदायिक भागीदारी की सुंदर झलक देखने को मिली।

# किसानों को खेती के नवाचार को सिखाती है कॉर्डेड : प्राचार्य डॉ. डी. के. सिंह

**प्रयागराज ( चेतना मंच )।** फूलपुर (इफको) कोरडेट के नवागत प्राचार्य डॉ डी. के. सिंह ने आज कोरडेट परिसर में स्थानीय पत्रकारों से प्राचार्य का पद संभालने के उपरांत पहली मुलाकात की डॉक्टर सिंह मुख्य रूप से आजमगढ़ के रहने वाले हैं। तथा कोरडेट प्राचार्य का पद संभालने के पूर्व चीफ मैनेजर मार्केटिंग गोंडा रहे।

डॉ. सिंह ने कोरडेट के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि कोरडेट किसानों को नवाचार सिखाती है। जिसमें उन्हें बताया जाता है कि किस प्रकार इफको के नए उत्पाद नैनो उरिया तरल का उपयोग करें तथा बुवाई के पहले किस प्रकार बीजों को शोधित करें साथ ही सब्सिडाइज फर्टिलाइजर का उपयोग कैसे कम कर सकते हैं। डॉक्टर डी के सिंह ने बताया कि यदि समय पर सिंचाई करें तथा इफको के नए उत्पाद नैनो तरल यूरिया का उपयोग करते हैं तो



निश्चित ही किसान अपनी फसल से अधिक लाभ उठा सकते हैं।

डॉ सिंह ने बताया कि 15 लीटर की टंकी में नैनो उरिया तरल वह नैनो डीएपी की मात्रा 2.5-2.5 ढक्कन तथा नैनो कॉपर व नैनो जिंक की मात्रा एक-एक ढक्कन को एक साथ मिलकर अपनी फसल पर छिड़काव कर सकते हैं इससे उनकी लागत भी कम होगी तथा पैदावार भी निश्चित रूप से बढ़ेगी।

पूर्व कोरडेट के पूर्व प्राचार्य डॉ हरिश्चंद्र ने वर्तमान प्राचार्य डॉ डी के सिंह से सभी पत्रकारों का परिचय कराया पत्रकार वार्ता में कोरडेट के मुकेश तिवारी,सुमित तेवतिया, आर. पी. सिंह, राजेश सिंह सहित कोरडेट के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।




# विमल त्यागी अध्यक्ष और मनमिंदर भाटी बने संगठन के महासचिव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान यूनियन मंच द्वारा अपनी नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नई कार्यकारिणी में विमल त्यागी को भारतीय किसान यूनियन मंच का राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मनमिंदर भाटी को राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया गया है। वहीं अशोक चौहान को दोबारा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

सेक्टर-29 में आयोजित पत्रकार वार्ता में नवनियुक्त अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा कि नई कार्यकारिणी पूरे जोश से शहर के किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए काम करेगी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर गौतम लोहिया व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विक्रम यादव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिंस भाटी और रोहतास चौहान को बनाया गया है। अमित भाटी जोखाबाद बुलंदशहर को मेरठ मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। चिंकू यादव को यूथ विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

नई कार्यकारिणी के विस्तार के दौरान भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेंद्र प्रधान,चरण सिंह प्रधान ,प्रमोद त्यागी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान आदि मौजूद रहे।

**नौएडा**

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)

Website: www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

UPLC लखनऊ में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाईट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाईट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट देखते रहें।

(क)

1. **12/म0प्र0/वरि0प्र0-(वि0/यॉ0)-II/2025-26/ई0नि0,** सैक्टर-39 में नौएडा प्राधिकरण कार्यालय में स्थापित आर0ओ0 एवं **डी0जी0 सेट के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। लागत रू0 25.19 लाख।**
   **जिन्हें दिनांक- 01.07.2025 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः- 02.07.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

(ख)

1. **02/म0प्र(वि/या)/व0प्र0(वि/या)3/2025-26, सैक्टर-19, 20,** सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय सैक्टर-19 एवं फोर्टरेश कार्यालय सैक्टर-2 में विद्युत वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। लागत रू0 28.22 लाख।
   **जिन्हें दिनांकः- 24.06.2025 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांकः- 25.06.2025 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।**

महाप्रबन्धक (वि0/यॉ0)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### भारत से ईरान में चावल का एक्सपोर्ट लगभग ठप

नई दिल्ली। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध का असर अब भारत पर भी दिखाई देने लगा है। स्थिति यह है कि भारत से ईरान में चावल का निर्यात लगभग ठप हो गया है। चावल कारोबारियों के मुताबिक, ईरान में भारत के चावल की सप्लाई ठप होने से प्रति किलो चावल के भाव में 10 रुपये की गिरावट आई है। उधर, ड्राई फ्रूट्स के दामों में उछाल आया है। जानकारी के मुताबिक भारत से बासमती सेला चावल की सबसे ज्यादा सप्लाई ईरान में होती है। लेकिन इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के चलते बीते चार दिनों से भारत से चावल की सप्लाई ठप हो गई है। जिससे चावल कारोबारियों में खलबली मच गई है। नया बाजार के एक चावल कारोबारी ने बताया कि चावल इंडस्ट्री में डर का माहौल है।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बेचे एशियन पेंट के 85 लाख शेयर

नई दिल्ली। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एशियन पेंट्स के 85 लाख शेयर ओपन मार्केट में बेच दिए। इस सौदे की कीमत करीब 1,876 करोड़ रही। कुछ दिन पहले रिलायंस ने एशियन पेंट्स में 3.50 करोड़ शेयर बेच दिए थे। अब उसी के बाद यह नई बिक्री की गई है। डील का असर मंगलवार को देखने को मिला। मंगलवार की सुबह शुरूआत मे शेयर 1441.30 पर कारोबार कर रहा था। यह बीते दिन से 0.19 फीसदी की तेजी है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के ब्लॉक डील डेटा के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहयोगी कंपनी सिद्धांत कमर्शियल्स ने ये 85 लाख शेयर बेचे। ये एशियन पेंट्स में कंपनी की 0.88 फीसदी हिस्सेदारी के बराबर है। ये शेयर 2,207 के औसत भाव पर बेचे गए, जिससे कुल डील 1,875.95 करोड़ की बनी।

### हीरो मोटोकॉर्प की किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर वीएक्स2 होगी लांच

नई दिल्ली। दो पहिया वाहन निमार्ता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प 1 जुलाई को वीडा ब्रांड के तहत अपना सबसे किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर वीएक्स2 लॉन्च करने वाली है। वीडा वीएक्स2 को खास तौर पर परिवार को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। लॉन्च से पहले ही कंपनी ने इस अपकमिंग मॉडल का टीजर जारी कर दिया है। यह मौजूदा वीडा वी2 से अलग दिखेगा, लेकिन इसके चेसिस, बैटरी और मोटर जैसे प्रमुख कंपोनेंट्स एक जैसे रहने की उम्मीद है। वीडा वीएक्स2 की डिजाइन पहले से अधिक सरल और परिपक्व नजर आ रही है। इसमें छोटा टीएफटी डिस्प्ले, फिजिकल की स्लॉट, एक सिंगल-पीस फ्लैट सीट और नया स्विचगियर दिया गया है। वहीं इसकी स्टाइलिंग पहले की अपेक्षा कम एग्रेसिव लेकिन अधिक उपयोगी लगती है। हीरो मोटोकॉर्प ने वीडा झेड नाम को भी ट्रेडमार्क कराया है, जिसे कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा जा चुका है।

### भारतीयों ने चॉकलेट, जेम व मीठे उत्पाद पर 6.60 लाख करोड़ खर्च किए: रिपोर्ट

मुंबई। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023-24 में भारतीयों ने चॉकलेट, जेम और चीनी जैसे मीठे उत्पादों पर 6.60 लाख करोड़ रुपए खर्च किए, जबकि सब्जियों पर 5.95 लाख करोड़ और तेल व वसा जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों पर केवल 2.45 लाख करोड़ रुपए ही खर्च किए गए तेल और वसा पर खर्च में गिरावट CMIE के अनुसार, पिछले एक साल में तेल और वसा पर खर्च में 19.67% की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर चॉकलेट पर खर्च में 19.78% की बढ़त देखी गई है। यह ट्रेंड उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में हो रहे बदलाव की ओर इशारा करता है। बीते चार वर्षों में खर्च का आंकड़ा इस प्रकार है- 2023-24: चॉकलेट, जेम, चीनी: 6.60 लाख करोड़ सब्जियां: 5.95 लाख करोड़तेल वसा: 2.45 लाख करोड़, 2022-23: चॉकलेट, जेम, चीनी: 5.51 लाख करोड़सब्जियां: 5.28 लाख करोड़तेल वसा: 3.05 लाख करोड़ 2021-22: चॉकलेट, जेम, चीनी: 4.71 लाख करोड़, सब्जियां: 5.06 लाख करोड़तेल वसा: 2.76 लाख करोड़ 2020-21: चॉकलेट, जेम, चीनी: 4.46 लाख करोड़, सब्जियां: 4.79 लाख करोड़, तेल वसा: 2.01 लाख करोड़ स्वास्थ्य और कुल रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि स्वास्थ्य संबंधी खर्च में 18.75 फीसदी की बढ़त हुई है।

### पीयूष गोयल ने आंध्र प्रदेश में केंद्र के नेतृत्व वाले औद्योगिक केंद्रों का लिया जायजा कहा–

# निवेशकों और स्टार्टअप को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करें

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 15 जून को विभिन्न औद्योगिक गलियारों के तहत आंध्र प्रदेश में एनआईसीडीसी-केंद्रित औद्योगिक नोड्स की प्रगति का आकलन करने के लिए गुंटूर के तंबाकू बोर्ड में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि समीक्षा बैठक में राज्य के तीन प्रमुख नोड्स चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारा (सीबीआईसी) के तहत कृष्णापटनम औद्योगिक क्षेत्र, हैदराबाद-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारा (एचबीआईसी) के अंतर्गत ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और विशाखापत्तनम-चेन्नई




औद्योगिक गलियारा (वीसीआईसी) के अंतर्गत कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र-के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंत्रालय के मुताबिक गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक औद्योगिक नोड के भीतर नवोन्मेषण-अनुकूल इकोसिस्टम का निर्माण कर प्रमुख निवेशकों और स्टार्टअप को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने आरंभिक चरण के उद्यमों को पोषित करने और मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम की सुविधा के लिए समर्पित इनक्यूबेटर स्थापित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके अलावा गोयल ने अधिकारियों को प्रत्येक नोड के भीतर एमएसएमई और स्टार्टअप

> उद्यमों को पोषित करने और मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम की सुविधा के लिए समर्पित इनक्यूबेटर स्थापित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया

के लिए जोन निर्धारित करने, रियायती दरों की पेशकश करने तथा अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और तकनीकी सहायता से सुसज्जित करने के निर्देश भी दिए। इस बैठक में गुंटूर के सांसद और ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी, आंध्र प्रदेश सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री टी.जी. भरत; आंध्र प्रदेश सरकार के उद्योग सचिव डॉ. एन. युवराज; एनआईसीडीसी के सीईओ एवं एमडी रजत कुमार सैनी, एपीआईआईसी के प्रबंध निदेशक अभिषेक किशोर तथा एनआईसीडीसी, एपीआईसीडीसी और अन्य हितधारक एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जो तीन अलग-अलग औद्योगिक गलियारों के अंतर्गत औद्योगिक नोड्स की मेजबानी करता है। एकीकृत नियोजन, मजबूत बुनियादी ढांचे और मजबूत संस्थागत सहायता के साथ ये परियोजनाएं राज्य और देश में औद्योगीकरण के नए युग का आरंभ करती हैं।

### नई इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा सिएरा ईवी जल्द होगी लांच

नई दिल्ली। स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स नई इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा सिएरा ईवी को लॉन्च करने की तैयारी में है। टाटा सिएरा ईवी चालू वित्त वर्ष के अंत तक बाजार में उपलब्ध हो सकती है। डिजाइन के मामले में यह एसयूवी एकदम अलग पहचान के साथ आएगी। इसमें ब्लैक-फिनिश्ड रूफलाइन, रैपराउंड ग्लास इफेक्ट, फ्लोटिंग रूफ और क्लैमशेल-स्टाइल टेलगेट जैसे एलिमेंट्स शामिल हैं, जो इसे एक प्रीमियम और फ्यूचरिस्टिक लुक देते हैं। इसके अलावा, इसमें पैनोरमिक सनरूफ और मॉडर्न डिजाइन लैंग्वेज का उपयोग किया गया है। फीचर्स के लिहाज से टाटा सिएरा ईवी में वेंटिलेटेड सीट्स, बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वायरलेस चार्जिंग, अडास और 360 डिग्री कैमरा जैसे हाई-एंड फीचर्स मिलने की संभावना है। बैटरी और परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें दो बैटरी पैक ऑप्शन दिए जा सकते हैं। कंपनी इसे सिंगल चार्ज में 500 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज के साथ पेश कर सकती है।

## कोयला मंत्रालय ने अब तक कुल 200 कोयला ब्लॉक आवंटित किए

> मरवाटोला-क्क ब्लॉक सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया

एजेंसी

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने अब तक कुल 200 कोयला ब्लॉक आवंटित किए हैं, जो भारत के कोयला क्षेत्र में क्रांति लाने और राष्ट्रीय ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।



मरवाटोला-क्ककोयला ब्लॉक के लिए ऐतिहासिक आवंटन आदेश सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड को जारी किया गया है। कोयला मंत्रालय के मुताबिक मध्य प्रदेश में सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड को मारवाटोला-II कोयला ब्लॉक का आवंटन क्षेत्रीय सुधारों, निजी भागीदारी को बढ़ावा देने और कोयला उत्पादन में राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता को मजबूत करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

पिछले कई वर्षों में मंत्रालय ने वाणिज्यिक कोयला खनन के आगमन और एकल-खिड़की निकासी प्रणाली की शुरूआत से लेकर डिजिटल निगरानी और शासन उपकरणों को अपनाने तक कई परिवर्तनकारी सुधार किए हैं। इन उपायों ने सामूहिक रूप से कोयला क्षेत्र के परिचालन परिदृश्य को फिर से परिभाषित किया है। निजी उद्यम के लिए नए अवसर खोले हैं और संसाधन विकास के लिए अधिक पारदर्शी, जवाबदेह तथा भविष्य के लिए तैयार ढांचा सुनिश्चित किया है।

## इजराइल-ईरान जंग के बीच भारत ईंधन आपूर्ति जरूरतें पूरी करने के लिए तैयार : हरदीप पुरी

> भारत के बेसिनों में लगभग 42 बिलियन टन तेल और गैस के बराबर की क्षमता है

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि इजराइल-ईरान चल रही जंग के दौरान भारत अपनी ईंधन आपूर्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी ईंधन की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम और अच्छी स्थिति में है। हम




अपने बास्केट में पर्याप्त विविधता ला चुके हैं और ईंधन आपूर्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए सहज स्थिति में हैं। भारत के बेसिनों में लगभग 42 बिलियन टन तेल और गैस के बराबर की क्षमता है। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर बैठक की जानकारी देते हुए हरदीप पुरी ने कहा, तेजी से अस्थिर होते भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों और हमारे पीएसयू ओमसी के साथ भाररत में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। भारत अपने जीवाश्म-आधारित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। नवीनतम प्रयास का प्रमाण अंडमान में हो रही गहरी खुदाई है। अन्वेषण और उत्पादन के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई उपाय किए हैं। अंडमान में अन्वेषण अच्छी खबर है और यह भारत के लिए गुयाना मोमेंट बन सकता है।

# एसीईओ ने ग्रेनो वेस्ट का किया दौरा, एफओबी, रोड व सीवर प्रोजेक्ट को हरी झंडी

## गौड सिटी 1 व 2 और इटैड़ा के पास एफओबी बनाने को मंजूरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने मंगलवार को ग्रेनो वेस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौड़ सिटी व इटैड़ा गोलचक्कर के पास एफओबी बनाने की अनुमति दे दी है। एसीइओ ने 60 मीटर रोड पर तिगैड़ी गोलचक्कर से पहले यूटर्न बनाने को भी मंजूरी दे दी है। साथ ही सर्विस रोड को चौड़ा करने के निर्देश दिए। एसीईओ ने सेक्टर-1 में प्रस्तावित 24 मीटर रोड का निरीक्षण कर अप्रूवल दे दिया है। उन्होंने 60 मीटर रोड से 130 मीटर रोड को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन 80 मीटर रोड का भी जायजा लिया। गौड़ चौक पर बन रहे अंडरपास कार्य की प्रगति को भी देखा।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि ग्रेनो वेस्ट में मूलभूत सुविधाओं पर तेजी से कार्य हों, ताकि ग्रेनो वेस्ट के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की कमी न झेलनी पड़े। इसीलिए प्राधिकरण जल, सीवर, रोड कनेक्टीविटी, ग्रीनरी से जुड़ी कई परियोजनाओं पर कार्य करवा रहा है। इन परियोजनाओं की एसीईओ स्तर से नियमित निगरानी भी की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ग्रेनो वेस्ट में चल रही परियोजनाओं का जायजा लिया और नई परियोजनाओं को हरी झंडी दी। एसीईओ मंगलवार को सबसे पहले सेक्टर ईकोटेक-3 पहुंचीं। उन्होंने सेक्टर एक स्थित एमपीएस से ईकोटेक-3 स्थित 20 एमएलडी एसटीपी को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन सीवर लाइन का जायजा लिया। एसीईओ ने इस कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस लाइन का कार्य पूरा हो जाने पर सेक्टर 1 के आसपास के सीवर को ईकोटेक-3 स्थित एसटीपी से शोधित किया जा सकेगा और इस शोधित पानी को सिंचाई और निर्माण कार्य में लिया जाएगा। एसीईओ ने एसटीपी से निकलने वाले स्लज को निस्तारित करने और ग्रीन एनर्जी के विकल्प तलाशने के निर्देश दिए। इसके बाद एसीईओ ने ऐस सिटी के सामने 60 मीटर रोड से 130 मीटर रोड को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन 80 मीटर रोड का भी जायजा लिया। उन्होंने अगले माह तक इस रोड का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सेक्टर 1 में बिसरख को 60 मी रोड से जोड़ने के लिए 24 मीटर रोड के निर्माण को भी अनुमति दे दी है। एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इटैड़ा गोलचक्कर के पास और गौड़ सिटी एक और गौड़ सिटी दो के बीच की रोड पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए प्रस्तावित लोकेशन पर भी अनुमति दे दी है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने गौड़ चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास का भी जायजा लिया और सीवर, बिजली, गैस आदि लाइनों को शीघ्र शिफ्ट करने और निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने 60 मी रोड पर खजूर चौक के पास तिगड़ी गोलचक्कर से पहले यू टर्न बनाने को भी मंजूरी दे दी है। इससे गौड़ सिटी-2 की तरफ से आना-जाना आसान हो जाएगा। वाहन चालकों को तिगड़ी गोलचक्कर से घूम कर नहीं आना पड़ेगा, जिससे तिगड़ी गोलचक्कर पर भी ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाएगी। एसीईओ के भ्रमण के दौरान सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा और वर्क सर्किल-1 के प्रभरी प्रभात शंकर भी मौजूद रहे।

**सीवर से जुड़ी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर**

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सीवर से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए बड़ी पहल की है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सीवर से जुड़ी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह हेल्पलाइन नंबर 9211825118 है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों और गांवों में सीवर से जुड़ी शिकायत को इस नंबर पर कॉल करके दर्ज करा सकते हैं। कॉल सेंटर कर्मचारी इस शिकायत को दर्ज कर सीवर विभाग को भेज देगा। सीवर विभाग की टीम सीवर से जुड़ी शिकायत को शीघ्र हल कराएंगे। इसकी नियमित मॉनिटरिंग सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक स्तर से होगी। सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह के ट्रायल के बाद इसे मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा के निवासी इस नंबर पर सीवर से जुड़ी षिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं, मंगलवार को एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सीवर विभाग की समीक्षा के दौरान इसे ग्रेनोवासियों के लिए औपचारिक तौर पर शुरू कर दिया गया है।

## मत्स्य योजनाओं को बढ़ावा देने हेतु मण्डलीय संगोष्ठी 19 जून को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मत्स्य उत्पादन को प्रोत्साहित करने और मछुआ समुदाय के युवाओं को मत्स्य विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग द्वारा एक दिवसीय मण्डलीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह संगोष्ठी 19 जून 2025 को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रतिक्षागृह में आयोजित होगी। संगोष्ठी की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मत्स्य मंत्री करेंगे।

सहायक निदेशक मत्स्य गौतमबुद्धनगर ने बताया कि यह संगोष्ठी मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण के अवसरों की जानकारी प्रदान करने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने जनपद के सभी मत्स्य पालकों, पट्टाधारकों एवं मछुआ समुदाय से जुड़े युवाओं से अपील की है कि वे 19 जून 2025 को प्रात: 10:00 बजे अपनी समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों सहित संगोष्ठी में प्रतिभाग करें।

उन्होंने कहा कि यह अवसर मत्स्य पालकों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने और अपने व्यवसाय को उन्नत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## नानी के घर रह रही किशोरी को ले भागा पड़ोसी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जनपद के छतरी थाना क्षेत्र से एक युवक नाबालिक किशोरी को अपनी बातों में बहला फुसलाकर भगा ले गया। बुलंदशहर से गायब हुई किशोरी की माँ ने अपनी पुत्री के साथ अनहोनी होने की आशंका जताते हुए थाना छतारी में मुकदमा दर्ज कराया है।

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले से एक किशोरी गायब हो गयी है। बुलंदशहर जिले में रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) ने इस संबंध में बुलंदशहर जिले के छतरी थाना में एफआईआर.... दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उनकी 14 वर्षीय पुत्री पिछले 3 सालों से अपनी नानी के यहां रह रही है। 11 जून की रात्रि को उनकी बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। खोजबीन करने पर पता चला कि पड़ोस में रहने वाला कुलदीप पुत्र दिनेश कुमार उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भाग ले गया है।

उन्होंने अपने स्तर से अपनी बेटी व कुलदीप की तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। कोमल के मुताबिक आरोपी कुलदीप द्वारा उसकी बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना की जा सकती है। बुलंदशहर पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है आरोपी व किशोरी की तलाश की जा रही है।






## पृष्ठ एक के शेष....

**प्राधिकरण की कब्जा....**

की जा रही है। मिट्टी खनन की वजह से इन सेक्टर में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। पुलिस का कहना है कि अवर अभियंता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

**जंग शुरू हो चुकी...**

बुधवार को ईरानी बलों ने इजरायल पर किए हालिया हमले में हाइपरसोनिक Fatah-1 मिसाइलें दागीं हैं। इसी बीच इजरायली रक्षा बल ने बताया कि मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को IDF ने तेहरान में स्थित ईरान के सेंट्रीफ्यूज प्रोडक्शन और कई हथियार बनाने वाली जगहों को निशाना बनाते हुए हमला किया जो ईरान के परमाणु हथियारों और मिसाइल प्रोग्राम का मुख्य हिस्सा थीं. हमले में सेंट्रीफ्यूज और मिसाइल प्रोडक्शन तबाह हो गए हैं, जिससे ईरान को भारी नुकसान हुआ है।

इससे पहले इंटरनेशनल एटोमिक एनर्जी एजेंसी (IAEA) ने पुष्टि की है कि इजरायल ने ईरान की एक परमाणु सुविधा को निशाना बनाया गया है. राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि अमेरिका का ईरान के एयरस्पेस पर फुल कंट्रोल हो चुका है. ईरान का कहना है कि उसने तेल अवीव में एक प्रमुख खुफिया केंद्र को निशाना बनाया है, जबकि इजरायल ने पुष्टि की है कि नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमले किए गए हैं। भारत ने ईरान में फंसे छात्रों को स्थानांतरित कर दिया है और ईरानी हवाई क्षेत्र से फ्लाइट्स को डायवर्ट कर दिया गया है। हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी ने विदेश मंत्रालय से इराक में फंसे 120 भारतीयों को निकालने की गुजारिश की है।

इजरायल के ताबड़तोड़ हमले के बाद ईरान के तेहरान समेत कई शहरों में अफरातफरी का माहौल है. तेहरान में आधे से ज्यादा बैंक बंद हैं. स्टॉक एक्सचेंज में कामकाज ठप है. इजरायल की धमकी के बाद लोग अपने सपनों के आशियाने को छोड़कर शहर से बाहर जा रहे हैं. इस वजह से पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें दिख रही हैं तो सड़कों पर भी भारी जाम है।

**कार में जिंदा जले...**

अहमद गंभीर रूप से घायल हुई हैं, जिन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा भरकर जांच शुरू कर दी है।

एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि कार सवार परिवार शादी समारोह से लौट रहा था, तभी यह दर्दनाक हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया, जिससे कार में आग लग गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों की विस्तृत पहचान की प्रक्रिया जारी है। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**प्रदेश सरकार महिला ...**

इस मामले में किसी भी तरीके की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर काफी गंभीर है तथा इस मामले को लेकर सभी विभागों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत वे जनपद में महिलाओं की शिकायत तथा उनके निस्तारण से संबंधित मामले का निरीक्षण करने आई है।

चेतना मंच के साथ बातचीत में राज्य मंत्री कमलावती सिंह ने कहा कि वे समीक्षा बैठक करने के बाद सेक्टर-62 जिला महिला छात्रावास का निरीक्षण करेगी तथा वहां की स्थितियां दिखेंगी।उन्होंने कहा कि वह यहां पर विभिन्न विभागों में महिलाओं की शिकायतो से संबंधित क्या स्थिति है इसका निरीक्षण करने आई है।

समीक्षा बैठक के बाद भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में कई पदाधिकारियो ने महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान के अलावा वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद त्यागी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, महामंत्री डिंपल आनंद, किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, पूनम सिंह, भूपेस चौधरी, उज्जवल सिंह, मनोज चौहान, राहुल शर्मा, अतुल त्यागी, बलराज चौधरी, राममेहर कौशिक समेत भाजपा के कई नेता मौजूद थे।

**ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे...**

अंजाम दिया। चोर कैमरा पैनल के कैबिनेट को तोड़कर बैटरी एक सोलर इनवर्टर मीडिया कन्वर्टर अन्य सामान को चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि सेफ्टी ऑफिसर की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने के साथ-साथ एक्सप्रेसवे पर लगे कैमरा की फुटेज को भी खंगाल रही है। बता दें कि पूर्व में भी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर पोल का कैबिनेट तोड़कर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

**पैसों के लेनदेन को ...**

देने का विरोध किया तो चारों ने उसे घेर कर मारपीट की। इस दौरान उसकी पत्नी खुशबू उसे बचाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मारपीट के बाद आरोपियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी देकर उन्हें भगा दिया। पीड़ति के मुताबिक आरोपियों के भय से वह तीन माह तक रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं आया। पुलिस का कहना है कि पीड़ित के शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है दोनों पक्षों के बीच लंदन को लेकर विवाद हुआ था।

**ट्रोला की टक्कर से...**

दिल्ली ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान चिकित्सकों को उसके दोनों पैर काटने पड़े अस्पताल में भर्ती आकाश की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। आकाश के भाई सोनू कुमार ने ट्रोला चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए ट्रोला के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**खास खबर**

## इजराइल ने दो एफ-14 फाइटर जेट को किया नष्ट

**तेलअवीव** ।इजरायल और ईरान की जंग में मिडिल ईस्ट जल रहा है। नेतन्याहू की सेना पूरी ताकत के साथ ईरान के शहरों पर मिसाइलें बरसा रही हैं। अब इजरायल ने ईरान पर हमले के नए वीडियो जारी किए हैं, जिसमें मची तबाही को साफ देखा जा सकता है। इजरायली एयरफोर्स एयर क्राफ्ट ने तेहरान में एयरपोर्ट पर तैनात ईरान के दो एफ-14 फाइटर जेट को नष्ट किया है। इजरायल ने ईरान के एफ-14 फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ के प्रवक्ता एफी डेफ्रीन ने अपने आधिकारिक अकाउंट पर ईरान पर हमले के वीडियो जारी कर बताया कि तेहरान पर हमारे हालिया ऑपरेशन का रिकैप। तेहरान के एयरपोर्ट पर तैनात दो एफ-14 फाइटर जेट पर हमला। इजरायल की ओर ईरान के यूएवी लॉन्चर अटैक को निरस्त कर दिया। बता दें कि ईरान अभी भी अमेरिका निर्मित एफ-14 टॉमकैट फाइटर जेट ऑपरेट करता है, जो ईरान को 1979 की इस्लामिक क्रांति से पहले उन्हें डिलीवर किए गए थे।

## ऑनलाइन गाली देने में अमेरिका सबसे आगे

**मेलबर्न** । ऑनलाइन भाषा को लेकर एक शोध किया गया है। इस रिसर्च में सामने आया है। अमेरिका के लोग गाली देने के मामले में सबसे आगे हैं। उसके बाद ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है। ऑनलाइन 1। 7 अरब शब्दों का विश्लेषण किया गया है। इस विश्लेषण में अमेरिका में 12 से 13.3 फीसदी, ब्रिटेन के लगभग 10 फीसदी तथा आस्ट्रेलिया के 9.4 फीसदी लोग बातचीत में गाली का उपयोग करते हैं। ऑस्ट्रेलिया के लोग आम बोलचाल में गालियों का प्रयोग ज्यादा करते हैं। भारत-पाकिस्तान हांगकांग जैसे देशों में जहां अंग्रेजी मुख्य भाषा नहीं है। यहां पर अंग्रेजी में गालियों का इस्तेमाल कम होता है इसकी एक बड़ी वजह यह भी मानी गई है। अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में अंग्रेजी भाषा में वातार्लाप होता है। वहां आपस की बातचीत में औपचारिक रूप से गालियों का इस्तेमाल होता है।

## यूपी में 2026 में होगा पंचायत चुनाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले सभी की निगाहें पंचायत चुनाव पर टिकी हुई है। पंचायत चुनाव को 2027 की सत्ता के सेमीफाइनल माना जा रहा है। पंचायत चुनाव को लेकर विपक्षी दलों के साथ ही एनडीए के सहयोगी दल भी अपने दम पर लड़ने की तैयारी में हैं। इसी बीच यूपी में पंचायत चुनाव से जुड़ी बड़ी खबर आई है। पंचायती राज विभाग ने पंचायतों का आंशिक पुनर्गठन की अधिसूचना जारी कर चुनावी तैयारियों के शुरू होने का संकेत दे दिया है। साथ ही तय हो गया है कि ग्राम पंचायतों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होने वाला है। अगले साल अप्रैल में संभावित पंचायत चुनाव के दौरान प्रदेश की 57,695 पंचायती इकाइयों में प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों का चुनाव होगा। पंचायती राज विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत इस वर्ष 57,695 प्रधानों का चुनाव होगा। इसके अलावा 826 ब्लॉक प्रमुख और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष भी चुने जाएंगे।

# सड़क हादसे में कंडक्टर सहित परिवार के 4 लोगों की मौत

एजेंसी

**हिसार।** जिले के बरवाला क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि देखते ही देखते एक खुशहाल परिवार उजड़ गया। मृतकों में गांव सूरजखेड़ा निवासी महावीर सिंह, उनकी पत्नी रोशनी देवी, भतीजा संदीप उर्फ मीकू और गांव का ही युवक सुनील कुमार शामिल हैं।



जानकारी के अनुसार, महावीर सिंह को स्वास्थ्य संबंधी समस्या थी, जिसके चलते उन्हें इलाज के लिए हिसार ले जाया गया था। सुबह संदीप उर्फ मीकू अपने ताऊ महावीर सिंह, ताई रोशनी देवी और गांव के युवक सुनील कुमार के साथ कार में हिसार के आधार हॉस्पिटल गया था। दोपहर बाद सभी लोग वापस गांव सूरजखेड़ा (तहसील नरवाना) लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार बरवाला बाईपास पर पहुंची, अचानक उसका एक टायर फट गया। टायर फटने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर चला गया और सामने से आ रहे एक ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चारों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बरवाला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। शवों को क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार से बाहर निकाला गया। हादसे की खबर जैसे ही गांव सूरजखेड़ा और आसपास के इलाकों में पहुंची, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गांव में मातम पसरा हुआ है और हर आंख नम है। मृतकों के परिजन गहरे सदमे में हैं। यह हादसा न केवल उनके लिए व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। बरवाला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में टायर फटने को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, 40 वर्षीय संदीप उर्फ मीकू हरियाणा रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत थे। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

## कोच्चि से दिल्ली जा रही फ्लाइट की नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग, मचा हड़कंप

एजेंसी

**नागपुर।** कोच्चि से दिल्ली जा रही फ्लाइट को बम की धमकी मिलने के बाद नागपुर स्थित डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंड कराया गया। फ्लाइट में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया और विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों ने तत्परता दिखाई और फ्लाइट नंबर 6ई 2706 की जांच शुरू कर दी।

जानकारी अनुसार, एयरलाइन अधिकारियों को विमान में बम रखने की धमकी मिली थी। इसके बाद मानक प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान की आपात लैंडिंग नागपुर हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से कराई गई। इसके साथ ही यात्रियों को तत्काल बाहर निकाला गया। सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकालकर टर्मिनल पर पहुंचाया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते (बीडीएस), डॉग स्क्वॉड और




स्थानीय पुलिस ने विमान की तलाशी शुरू की। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, फ्लाइट सुबह कोच्चि से रवाना हुई थी और उसे दोपहर तक दिल्ली पहुंचना था, लेकिन उड़ान के दौरान ही कंट्रोल रूम को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई। ईमेल मिलते ही पायलट को अलर्ट किया गया और नागपुर को नजदीकी सुरक्षित विकल्प मानते हुए विमान उतारने का फैसला लिया गया। यहां नागपुर पुलिस आयुक्त ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी मानक प्रक्रियाएं अपनाई गई हैं और विमान को पूरी तरह खाली कर जांच की जा रही है।

## सौराष्ट्र में भारी बारिश, 24 घंटे में सर्वाधिक 14 इंच बारिश

एजेंसी

**गांधीनगर।** गुजरात राज्य में मानसून की शुरूआत के साथ ही सौराष्ट्र के अधिकांश जिलों में व्यापक वर्षा हुई है। बीते 24 घंटे में बोटाद जिले के गढड़ा तालुका में सबसे ज्यादा 14 इंच बारिश दर्ज की गई है। वहीं, भावनगर जिले के पालीताना और शिहोर में 12-12 इंच वर्षा दर्ज हुई है।



स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटरझगांधीनगर की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में भावनगर जिले में औसतन 8 इंच और बोटाद जिले में एक ही दिन में औसतन 7.5 इंच वर्षा हुई है। अगर तालुका स्तर पर बात करें तो बीते 24 घंटे में भावनगर के जेसर और उमराला, अमरेली के सावरकुंडला और बोटाद तालुका में 14 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। भावनगर के महुवा तालुका में भी करीब 9 इंच बारिश हुई है। इसके अलावा अमरेली के राजुला, अमरेली और लीलिया, भावनगर के वल्लभीपुर और तलाजा तथा सुरेन्द्रनगर के चोटीला तालुका में भी 6 इंच से अधिक वर्षा दर्ज हुई है। इसके अलावा, भावनगर के गारियाधार, राजकोट के विंछिया, भरूच के हांसोट, अमरेली के बाबरा और खांभा तथा मोरबी तालुका में 4 इंच से ज्यादा वर्षा दर्ज की गई है। जबकि मोरबी के टंकारा और हलवद, राजकोट के जसदान और जेतपुर, सुरेन्द्रनगर के चूड़ा, सायला, थानगढ़ और मळी, भरूच के वागरा और अंकलेश्वर, सूरत के ओलपाड, अमरेली के लाठी, कच्छ के मांडवी, भावनगर सहित जूनागढ़ शहर और तालुका में भी 3 इंच से अधिक बारिश हुई है। इसके अलावा राज्य के 25 तालुका में 2 इंच से अधिक, 66 तालुका में 1 इंच से अधिक जबकि 93 तालुका में 1 इंच से कम वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार, बीते 24 घंटों में राज्य के 33 जिलों के कुल 221 तालुका में औसतन 1.5 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार 17 जून 2025 को सुबह 6.00 बजे तक राज्य में मौसम की कुल औसत वर्षा 8 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं, सुबह 6.00 बजे से 10.00 बजे तक भावनगर जिले के उमराला तालुका में राज्य में सबसे अधिक 3.5 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा बोटाद के बरवाला में 3 इंच तथा भावनगर के वल्लभीपुर, अहमदाबाद के धोलेरा और धंधुका तालुका में भी चार घंटे में ही 2 इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है।

## खाई में गिरा टेम्पो, दो पयर्टकों की मौत

**देहरादून।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में घूमने आये दो पयर्टकों की एक हादसे में मौत हो गई, यह हादसा तब हुआ जब वह टेम्पो ट्रैवलर में सफर कर रहे थे। टेम्पो ट्रैवलर का अचानक बेलेंस बिगड़ा और वह खाई गिर गया। इस टेम्पो ट्रैवलर में 24 लोग सवार थे, लेकिन और सभी को सुरक्षित निकाल लिया है। कुछ लोग घायल हैं लेकिन दो लोगों की मौत गई है। हिमाचल प्रदेश में इस समय बारिश हो रही है और रोड भी फिसलनदार हो गई है। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना कोकसर-रोहतांग मार्ग पर ग्राम्फू के निकट घटी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय वाहन में कुल 24 लोग सवार थे।

## नेतन्याहू ने फिर दे दी ईरान को धमकी, भारी कीमत चुकानी होगी

एजेंसी

**तेलअवीव** ।इजरायल और ईरान के बीच की जंग लगातार तेज होती जा रही है। इस बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बैट याम शहर का दौरा किया, जहां ईरानी एयरस्ट्राइक में भारी तबाही मची है। शहर की इमारतों का जायजा लेते हुए नेतन्याहू ने ईरान को सीधे चेतावनी दी कि इस तबाही की भारी कीमत चुकानी होगी। ईरान जानबूझकर रिहायशी इलाकों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल के लिए यह जंग अस्तित्व की है, क्योंकि ईरान का परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम इजरायल के लिए दोहरी विनाशकारी धमकी है। नेतन्याहू के अलावा इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग और राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर ने भी बैट याम का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। बता दें कि इजरायल ने 13 जून को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन का नाम दिया था। इसके बाद ईरान ने भी ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 3 लांच कर इजरायल पर जवाबी हमला किया। इजरायल का दावा है कि उत्तर-पूर्वी ईरान में माशाद एयरपोर्ट पर हमला किया है। वहीं, ईरान का दावा है कि इजरायल के तीन लड़ाकू विमानों को मार गिराया है और दो पायलटों को बंधक बनाया है। ईरान का दावा है कि तीन दिन में इजरायली हमलों में 224 लोगों की मौत हुई है। ईरानी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केरमानपोर ने बताया कि 13 जून से अब तक इजरायली हमलों में 224 लोग मारे गए हैं।

## ईरानी टीवी एंकर ने हमले के दौरान भी जारी रखा प्रसारण

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान-इजराइल के बीच की लड़ाई जारी है। इन्हें रोकने के लिए कोई आगे नहीं आ रहा है। इजराइल अपने हथियारों से ईरान पर हमले कर रहा है। क्या रिहायशी इलाके, क्या सैन्य ठिकाने, इजराइल ने तो जैसे ईरान को खत्म करने की ठान ली है। वहां से आ रही तस्वीरें और वीडियो इसकी गवाही दे रहे हैं। ईरान-इजराइल हमलों में बहुत से वीडियो सोशल मीडिया पर मिल जाएंगे। इस वक्त एक टीवी एंकर का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उसके लाइव शो के दौरान ही इजराइली मिसाइल गिर पड़ी। फिर उसने जो किया, उसके बाद उसकी बहादुरी के किस्से चर्चा में हैं। सहर इनामी ईरानी राज्य प्रसारण संगठन की एक प्रमुख एंकर हैं। वह एक फूड इंजीनियर थीं लेकिन उन्होंने साल 2010 में मीडिया के क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने जल्द ही ईरान के आधिकारिक खबर चैनल में अपनी जगह बना ली और ईरानी टीवी का जाना-माना नाम बन गईं। वो अरेबिक भाषा में खबरें पढ़ती हैं और सिर पर हिजाब लेकर बिना किसी हैवी मेकअप के अपना काम करती हैं। उनकी शादी हो चुकी है और एक बच्चा भी है। 16 जून को इजराइल ने तेहरान स्थित आईआरआईबी मुख्यालय पर हवाई हमला किया, जब सहर इमानी लाइव प्रसारण में थीं।

## 3 साल बाद डॉक्टरों पर एफआईआर

**लखनऊ।** देशभर में मशहूर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। क्वीन मैरी अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की बिना इजाजत नसबंदी कर दी गई और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। अब इस मामले में चार डॉक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह घटना हरदोई जिले के रहने वाले हेमवती नंदन और उनकी पत्नी उमा मिश्रा से जुड़ी है। जानकारी के मुताबिक 4 अक्टूबर 2022 को हेमवती नंदन ने अपनी पत्नी को डिलीवरी के लिए क्वीन मैरी अस्पताल, लखनऊ में भर्ती कराया था। 5 अक्टूबर को ऑपरेशन के जरिए बेटे का जन्म हुआ, लेकिन कुछ ही घंटों में उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया।

## दो दिवसीय नाविक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**मीरजापुर।** भारतीय वन्य जीव संस्थान, पर्यावरण मंत्रालय के तत्वाधान में नमामि गंगे की जलज परियोजना के तहत आज दो दिवसीय जिला स्तरीय नाविक प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में 2 दिन मीरजापुर के 8 ब्लाक से 125 नाविक को प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि जलज के नाविक गंगा प्रहरियों के क्षमता निर्माण की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जनपद के 125 युवा नाविक है उनको लेकर इस कार्यशाला का आयोजन किया गया हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जलज को एक हमारा नया इनीशिएटिव है इसमें हमें गंगा को साकार करना है और जीवंत नदी बनाए रखने के लिए आस्था से जोड़ने के लिए कि




लोगों को और नदी के बीच में समन्वय बनाना है उसको लेकर नाविकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि उनके आय में वृद्धि, पर्यटन, पर्यावरण आजिविका का इन तीनों में कैसे समन्वय बनाया जाए जानकारी दी गई आगे भी डब्ल्यू आई की टीम नाविकों से जुड़ी रहेगी आज नाविका को रेस्क्यू का सामान भी वितरित किया गया है और आगे भी यदि किसी प्रकार का प्रशिक्षण नाविक लेना चाहेंगे तो उनको दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रोजगार, बाजार के विभिन्न अवसर भी जलज के माध्यम से मुहैया कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को गंगा नदी में मिलने वाली जलीय जीवों के बारे में तथा संकट काल में उनको बचाने का भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिको द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जलज सफारी के दौरान दुर्घटना से बचाव के लिए प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार तथा एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ के जवानों द्वारा आपदा प्रबन्धन के बारे में भी सिखाया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र की शुरूआत राष्ट्रीय संयोजक तथा परियोजना वैज्ञानिक द्वारा जिलाधिकारी को गंगा प्रहरियों द्वारा बनाये नेचुरल प्रोडक्ट्स को भेट कर के हुआ। तत्पश्चात भारतीय वन्यजीव संस्थान कि सुश्री स्वाति साहा तथा शिवानी पुंडीर द्वारा गणमान्य अतिथियों को दो दिवसीय कार्यशाला में हुए विभिन्न सत्रो की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दी गई। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। कार्यशाला के दौरान महिला गंगा प्रहरियों द्वारा बनाये विभिन्न नेचुरल प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसको माननीय गणमान्यों द्वारा बहुत सहराया गया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्रा, जिला वन अधिकारी तथा परियोजना वैज्ञानिक सौरव गवन, आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता उपस्थित रहें।

## यूरोप के कई देशों में पर्यटकों का विरोध शुरू

एजेंसी

**स्पेन** । यूरोप के आधा दर्जन से अधिक देशों में पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय लोगों ने टूरिस्टों का विरोध शुरू कर दिया है। रविवार को कई देशों में पर्यटकों के खिलाफ स्थानीय नागरिकों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में वाटर पिस्टल तथा नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते हुए पर्यटकों को भगाया गया है। स्पेन के बार्सिलोना, इटली के जेनेवा, पुर्तगाल के लिस्बन मे स्थानीय भारी भीड़ सड़कों पर उतरी। स्थानीय संगठनों का कहना था, बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से शहरों का मकान किराया और जरूरी चीजों के दाम बढ़ गए हैं। पर्यटकों के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी




हो रही है। बार्सिलोना में हजारों लोगों ने सड़कों पर आकर प्रदर्शन किया है। जिनेवा में प्रदर्शनकारियों ने पर्यटकों के सूटकेस खोलकर उनका सामान विखेर दिया। जिससे पर्यटक भयभीत हो गए। लिस्बन में स्थानीय प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय संत का पुतला लेकर विरोध जताया। स्पेनिश द्वीप में टूरिस्ट की बसों को रोक लिया गया। यूरोप के कई देशों में पर्यटकों का विरोध किया जा रहा है। उनके खिलाफ आंदोलन शुरू हो गए हैं। पर्यटन बढ़ने से यहां के स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहली बार पर्यटकों के खिलाफ इस तरह के आंदोलन देखने को मिल रहे हैं।

## गुरुधामों के लिए नहीं जाएगा सिख जत्था

**अमृतसर।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सीमा तनाव को देखते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है। महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों की यात्रा पर हर साल जत्था रवाना होता था। इस साल ये यात्रा 29 जून को लाहौर के लिए रवाना होनी थी। कमेटी ने कहा कि मौजूदा हालात में यह निर्णय सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया गया है।

## दुनिया में धर्म को नहीं मानने वाले लोगों की संख्या बढ़कर हुई 2 अरब

एजेंसी

**लंदन।** दुनिया की आबादी 8 अरब के पार पहुंच गई है और एक अनुमान के मुताबिक धरती पर फिलहाल 300 से ज्यादा धर्म हैं। हालांकि इन 8 अरब में से एक चौथाई यानी करीब 2 अरब लोग किसी भी धर्म में यकीन नहीं रखते हैं। यह आंकड़े हाल ही में एक रिपोर्ट में सामने आए हैं। रिपोर्ट में 2010 से 2020 तक दुनिया की आबादी और लोगों के धर्म से जुड़े आंकड़ों में बदलावों पर जोर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक किसी भी धर्म को ना मानने वाले लोगों की संख्या 27 करोड़ से बढ़कर करीब 2 अरब हो गई है। यह धरती की कुल आबादी का एक चौथाई हिस्सा है। ईसाई और मुस्लिम धर्म के लोगों के बाद दुनिया में इसतरह के लोगों की संख्या सबसे अधिक है जिन लोगों का कोई धार्मिक जुड़ाव नहीं है। दरअसल किसी भी धर्म को ना मानने वालों को नोनेस कहा जाता है। इन लोगों ने सर्वेक्षण के दौरान बताया कि उनका कोई धर्म नहीं है या वे नास्तिक हैं। 2010 और 2020 के बीच इनकी संख्या तेजी से बढ़ी है। इसके कई कारण हो सकते हैं। धर्म से संबंध ना रखने वाले लोगों का जन्म और पालन-पोषण अक्सर किसी धर्म के साथ ही होता है। हालांकि वयस्क होने पर लोग उससे अपनी पहचान से नहीं जोड़ना चाहते।

# ईरान कर सकता है डर्टी बम का उपयोग, पूरी दुनिया पर दिखेगा असर

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** पूर्व पेंटागन अधिकारी माइकल रूबिन के एक सनसनीखेज दावे ने वैश्विक चिंताओं को और बढ़ा दिया है। रूबिन ने चेतावनी दी है कि इजरायल के लगातार हमलों से कमजोर हो रही ईरान की सैन्य और परमाणु संरचनाएं तेहरान को एक खतरनाक कदम उठाने के लिए मजबूर कर सकती हैं। उनका कहना है कि ईरान रेडियोलॉजिकल डर्टी बॉम्ब का इस्तेमाल कर इजरायल के शहरों को निशाना बना सकता है। यह दावा न केवल क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी एक गंभीर चेतावनी है। डर्टी बॉम्ब एक ऐसा हथियार है जो पारंपरिक



विस्फोटकों के साथ रेडियोधर्मी पदार्थों को मिलाकर बनाया जाता है। यह परमाणु बम जितना विनाशकारी नहीं होता, लेकिन इसके रेडियोधर्मी कण बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाकर लोगों में दहशत पैदा कर सकते हैं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं। रूबिन का दावा उस समय सामने आया है, जब इजरायल ने ईरान की परमाणु सुविधाओं और सैन्य ठिकानों पर भारी हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के जवाब में ईरान ने भी इजरायल पर भारी मिसाइलें दागी हैं। रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इजरायल के खिलाफ जवाबी हमलों में 150 से अधिक मिसाइलें दागी थीं, जिसके बाद इजरायल ने भी पलटवार किया। इस सैन्य तनातनी ने पूरे क्षेत्र को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने दिसंबर 2024 में चेतावनी दी थी कि ईरान ने यूरेनियम को 60 प्रतिशत तक संवर्धित करने की गति बढ़ा दी है, जो हथियार-ग्रेड स्तर के करीब है। यह संवर्धित यूरेनियम तीन परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकता है। हालांकि, डर्टी बॉम्ब के लिए जरूरी रेडियोधर्मी सामग्री इससे अलग हो सकती है और विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान के पास ऐसी सामग्री पहले से मौजूद हो सकती है।

अमेरिका ने इस संभावित खतरे को गंभीरता से लिया है। वाशिंगटन ने इजरायल को ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाइयों के प्रति आगाह किया है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ईरान के सैन्य और परमाणु कार्यक्रमों पर करीबी नजर रख रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने क्षेत्र में तनाव कम करने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं, लेकिन ईरान की ओर से किसी भी अप्रत्याशित कदम की आशंका बनी हुई है। हालांकि कुछ विशेषज्ञ रूबिन के दावे पर सवाल भी उठा रहे हैं। कहा गया कि डर्टी बॉम्ब का इस्तेमाल ईरान के लिए जोखिम भरा हो सकता है, क्योंकि इससे वैश्विक समुदाय का गुस्सा तेहरान के खिलाफ और भड़क सकता है। इसके अलावा ईरान की प्राथमिकता अभी भी अपने परमाणु कार्यक्रम को बचाने और क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने की है न कि ऐसे हथियारों का इस्तेमाल करने की जो उसकी साख को और नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## इस साल एनएएसीपी ट्रंप को अपने सम्मेलन में नहीं बुलाएगा

एजेंसी

**वाशिंगटन** ।नस्लीय भेदभाव के खिलाफ काम करने वाले अमेरिका के सबसे बड़े संगठन नेशनल एसोसिएशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ कलर्ड पीपल (एनएएसीपी) ने घोषणा की कि समूह इस साल अपने सम्मेलन में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं बुलाएगा। इसके साथ ही यह 116 सालों में पहली बार होगा जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इस सम्मेलन का हिस्सा नहीं होंगे। समूह ने बताया है कि वह अगले महीने नॉर्थ कैरोलिना के शार्लोट में होने वाले अपने राष्ट्रीय सम्मेलन में ट्रंप को आमंत्रित नहीं करेगा। एनएएसीपी के अध्यक्ष डेरिक जॉनसन ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की है। इस दौरान उन्होंने ट्रंप पर मिशन के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। जॉनसन ने एक बयान में कहा ?कि हमारे संगठन का राजनीतिक पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। हमारा मिशन लोगों के अधिकारों के लिए काम करता है। लेकिन वर्तमान राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका उद्देश्य नागरिक अधिकारों को खत्म करना है। गौरतलब है कि एनएएसीपी एक अमेरिकी नागरिक अधिकार संगठन है। इसकी स्थापना 1909 में हुई थी। संगठन का उद्देश्य अफ्रीकी अमेरिकियों के साथ निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करना और नस्लीय भेदभाव को खत्म करना है।

# वास्तु शास्त्र में मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के उपाय



**सनातन धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व है। वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपायों का वर्णन किया गया है, जिनको करने से घर में धन और सुख-समृद्धि में अपार वृद्धि होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी में कुछ चीजों को रखने से इंसान पर धन की देवी मां की मेहरबान होती हैं और जीवन में सदैव पैसों से तिजोरी भरी रहती है। आइए जानते हैं कि तिजोरी में किन चीजों को रखने से धन लाभ के योग बनते हैं।**

➲ सनातन धर्म में हल्दी का प्रयोग शुभ और मांगलिक कार्यों में किया जाता है। इसके अलावा भगवान विष्णु की पूजा के दौरान भी हल्दी का उपयोग किया जाता है। माना जाता है कि तिजोरी में हल्दी की गांठ रखना शुभ होता है। इससे परिवार के सदस्यों पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

➲ अगर आप जीवन में धन से संबंधित परेशानी का सामना कर रहे हैं, तो ऐसे में एक पीपल के पत्ते पर लाल सिंदूर से ॐ लिखें। इसके बाद उसे तिजोरी में रख दें। यह उपाय आप लगातार पांच शनिवार तक करें। कहा जाता है कि इस उपाय को करने से धन से संबंधित समस्या खत्म होती है।

➲ अगर आपकी तिजोरी में धन नहीं रुक रहा है, तो इसकी सबसे बड़ी वजह तिजोरी के अंदर का रंग हो सकता है। माना जाता है कि तिजोरी के अंदर का रंग लाल होना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी के अंदर का रंग लाल होने से धन रुकने लगता है।



### तिजोरी के पास न रखें झाड़ू

**ऐसा माना जाता है कि तिजोरी में मां लक्ष्मी वास करती हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी के पास झाड़ू रखने की मनाही है। माना जाता है कि इससे घर में कंगाली आ सकती है।**

# घर में गलती से भी उल्टी न रखें ये चीजें...

**ऐसा माना जाता है कि घर की हर एक चीज को वास्तु के अनुसार रखने से परिवार के माहौल में एक सकारात्मकता बनी रहती है। इसी प्रकार वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसी चीजों का वर्णन किया गया है, जिन्हें घर में गलती से भी उल्टा नहीं रखना चाहिए, वरना आपके जीवन में समस्याएं बढ़ सकती हैं।**



### बढ़ने लगते हैं लड़ाई-झगड़े

आपके घर में बड़े-बुजुर्गों ने आपको जूते-चप्पल आदि उल्टा रखने पर जरूर टोका होगा। ऐसा माना जाता है कि उल्टे रखे जूते-चप्पल घर में लड़ाई-झगड़े का कारण बन सकते हैं। साथ ही कुछ मान्यताओं के अनुसार, ऐसा करने से मां लक्ष्मी भी रुष्ट हो जाती हैं। ऐसे में इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि अपने जूते-चप्पल आदि कभी उल्टा होने पर उन्हें तुरंत सीधा कर दें।

### दुर्भाग्य ला सकती है ऐसी बाल्टी

अपने घर के बाथरूम में भी वास्तु नियमों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। वास्तु शास्त्र में माना गया है कि बाथरूम में बाल्टी को कभी भी उल्टा नहीं रखना चाहिए और न ही खाली रखना चाहिए। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ सकती है। यदि आप इसका इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, तो भी इसमें थोड़ा-सा पानी भरकर रखें।



### रसोईघर में तवे को उल्टा न रखें

कुछ लोगों की आदत होती है कि वह रसोई के बर्तनों को उल्टा रख देते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, रसोईघर में तवे को कभी भी उल्टा नहीं रखना चाहिए। वरना इससे परिवार में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने लगती हैं। इसके साथ ही कड़ाही को भी उल्टा रखने की मनाही है। वास्तु के अनुसार, इससे भी घर में इससे नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती है, जो काफी समस्याओं का कारण बनती है।



# बच्चों को माता-पिता का सहयोग और मार्गदर्शन बहुत जरूरी

**जैसे-जैसे बच्चे बड़े होते हैं, माता-पिता की जिम्मेदारियां भी बढ़ती जाती हैं। बच्चों के इस महत्वपूर्ण समय में माता-पिता का सहयोग और मार्गदर्शन बहुत जरूरी होता है। यहां कुछ आसान सुझाव दिए गए हैं..**

**अच्छे उदाहरण बनें :** बच्चे अपने माता-पिता से बहुत कुछ सीखते हैं। इसलिए, हमेशा ऐसा व्यवहार करें जो आप अपने बच्चों में देखना चाहते हैं।

**बच्चों से बात करें :** बच्चों के साथ खुलकर बात करें। उनसे उनके दिन के बारे में पूछें, उनकी भावनाओं को समझें और उनके सवालों का जवाब दें। इससे उन्हें लगेगा कि आप उनकी परवाह करते हैं।



■ **उन्हें सुनें:** सिर्फ बात करना ही नहीं, बल्कि बच्चों को सुनना भी महत्वपूर्ण है। उनके विचारों और समस्याओं को ध्यान से सुनें। इससे बच्चे आपसे अपने दिल की बात कहने में हिचकिचाएंगे नहीं।

■ **अनुशासन सिखाएं :** बच्चों को अनुशासन सिखाना जरूरी है। उन्हें बताएं कि क्या सही है और क्या गलत। लेकिन, उन्हें सजा देने की बजाय समझाने की कोशिश करें।

■ **सकारात्मक रहें :** बच्चों के सामने हमेशा सकारात्मक रहें। उनकी छोटी-छोटी उपलब्धियों की सराहना करें और उन्हें प्रोत्साहित करें। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

■ **समय दें :** बच्चों के साथ समय बिताना सबसे महत्वपूर्ण है। उनके साथ खेलें, कहानियां पढ़ें और पारिवारिक गतिविधियों में शामिल करें। इससे बच्चों को महसूस होगा कि वे आपके लिए महत्वपूर्ण हैं।

# लिविंग रूम की सजावट

**हर कोई अपने घर को लग्जरी लुक देना चाहता है, ऐसे में आप भी लिविंग रूम को खास बनाने की सोच रहे हैं, तो ये खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसी पांच टिप्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें फॉलो कर आप आसानी से अपने घर के लिविंग रूम को खूबसूरत बना सकते हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.**



लिविंग रूम को खूबसूरत दिखने के लिए उनकी दीवारों का कलर एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लिविंग रूम में आप हल्के रंग से पेंट करवा सकते हैं। इसके अलावा आप दीवार पर कुछ पेंटिंग बना सकते हैं, जो आपके लिविंग रूम में चार चांद लगा देंगी। लिविंग रूम में अगर आप टीवी रखना चाहते हैं, तो उसके लिए एक बढ़िया फर्नीचर बना लें, जिसमें टीवी के आस पास कुछ डेकोरेटिव आइटम रखने की जगह हो। आप इन बॉक्स में कुछ पुराने जमाने के मॉडल्स रख सकते हैं, जैसा म्यूजियम में होते है। आप लिविंग रूम को खूबसूरत बनाने के लिए कुछ खुशबूदार पौधों को कमरे में रख सकते हैं, यह घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ पूरे घर को महका देगा। इसके लिए आप लकड़ी या लोहे की एक ओपन अलमारी बना सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे आप घर में ऐसे पौधे रखें, जो बिना धूप के चल सकते हैं।

# घर पर 5 मिनिट में बनाएं ये खास फेस स्क्रब

**चमकदार चेहरा पाने के लिए अगर आप भी परेशान रहते हैं, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको ऐसे फेस स्क्रब के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल कर आप कुछ ही दिनों में खूबसूरत चेहरा पा सकते हैं। इस स्क्रब को आप कम समय में अपने घर पर बना सकते हैं। आइए जानते हैं इस फेस स्क्रब के बारे में।**

### ऐसे बनाएं फेस स्क्रब

लौकी खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत और त्वचा के लिए भी काफी फायदेमंद मानी गई है। अब आप लौकी की मदद से फेस स्क्रब बना सकते हैं। लौकी से स्क्रब बनाने के लिए आपको सबसे पहले लौकी को कद्दूकस कर उसमें एक चम्मच दही और एक छोटा चम्मच शहद मिलाकर अच्छी तरह पेस्ट तैयार कर ले। इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से गोलाकार तरीके से अपने चेहरे की मालिश करें, फिर इसे 10 मिनट के लिए छोड़ दे। अब आप गुनगुने पानी से अपना चेहरा धो ले, ऐसा सप्ताह में 1 से दो बार करें। अगर आप लौकी का स्क्रब यूज करते हैं, तो आपके चेहरे से डेड स्किन दूर होगी और त्वचा चमकदार बनेगी।



### फेस स्क्रब के फायदे

लौकी में विटामिन ए, सी और ई होता है, जो त्वचा को पोषण देता है और गहराई से साफ करने में मदद करता है। यह त्वचा के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद मानी गई है। अगर आप भी इस फेस स्क्रब का इस्तेमाल करते हैं, तो आपके चेहरे से दाग धब्बे और पिंपल्स कुछ ही दिनों में दूर हो सकते हैं। यही नहीं इस स्क्रब की मदद से आप आंखों के नीचे होने वाले काले घेरे को कम कर सकते हैं और मुलायम त्वचा पा सकते हैं, जिन लोगों के चेहरे पर अधिक फुंसियां हैं, वह इस स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं।



### पैच टेस्ट जरूर करें

ध्यान रहे हर इंसान की त्वचा अलग-अलग होती है। कुछ लोगों के चेहरे पर लौकी का स्क्रब सूट हो जाता है, तो वहीं कुछ लोगों के चेहरे पर इससे एलर्जी हो सकती है, अगर आपको किसी भी प्रकार की कोई एलर्जी होती है, तो डॉक्टर की सलाह लें और इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें। लौकी का स्क्रब इस्तेमाल करने के बाद चेहरे पर मॉइश्चराइजर लगाना ना भूले।

# सॉल्ट वाटर बाथ के फायदे

**एक बाल्टी गर्म पानी में सिर्फ एक चम्मच नमक डालकर नहाकर देखिए। कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। यह एक प्राचीन और जबरदस्त तकनीक है। दरअसल नमक में मौजूद मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम जैसे मिनरल्स बॉडी को कई तरह के इंफेक्शन से बचाती है। सुबह नमक पानी से नहाने से दिनभर फुर्ती बनी रहती है।नहाने का नमक का वैज्ञानिक नाम मैग्नीशियम सल्फेट है, जो मैग्नीशियम-सल्फर से मिलकर बनता है। इसे एप्सम सॉल्ट और समुद्री नमक भी कहते हैं। यह नमक पानी में बड़े ही आसानी से घुल जाता है और सल्फेट, मैग्नीशियम आयरन रिलीज करता है। आइए जानते हैं इसके फायदे...**

### 1. चेहरे में आए निखार

पानी में नमक मिलाकर नहाने से स्किन की गंदगी सही तरह साफ हो जाता है। इससे चेहरे पर निखार आ जाता है और डेड सेल्स पूरी तरह निकल जाती है। गर्मी में पसीने से होने वाले स्किन इंफेक्शन जैसे दाद, खाज, खुजली की समस्या को यह दूर कर सकता है। सर्दियों में भी इसके कई फायदे हैं।



### 2. जोड़ों के दर्द से राहत

हर दिन भागदौड़ से शरीर में दर्द होने पर एक चम्मच नमक गर्म पानी में डालकर नहाना चाहिए। इससे दर्द खत्म हो सकता है। इससे गठिया, जोड़ों के दर्द, घुटने और कमर दर्द से भी आराम मिल जाता है। गर्म पानी में सेंधा नमक डालकर नहाने से पुराना सूजन भी कम हो सकता है।

### 3. इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार

नमक पानी इम्यूनिटी बूस्टर का काम करती है। इससे बीमारियां दूर रहती हैं। नमक पानी में बॉडी को ताकत देने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। नमक पानी में एंटी बैक्टीरियल गुण खतरनाक माइक्रोब्स भगाने में मदद है। इस पानी से नहाने से शरीर फिट रहता है।

### 4. तनाव भगाएं

नमक पानी से नहाने पर थकान और स्ट्रेस दूर हो जाता है। ज्यादा तनाव होने पर नमक पानी स्ट्रेस बूस्टर की तरह काम करता है। इस पानी के नहाने से दिल दिमाग को बड़ा सुकून मिलता है। इससे दिनभर की थकान दूर हो सकती है।

### थेरेपी से कई फायदे

**एक बाथटब में गर्म पानी लेकर इसमें दो कप एप्सम सॉल्ट मिलाकर 15-20 मिनट तक भिगोएं। इसके बाद इसमें इस तरह बैठें, जिससे पीठ भीग जाए। इस तरह की थेरेपी से कई फायदे मिलते हैं। हालांकि, इसके इस्तेमाल से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।**

# कपड़े धोने के लिए अपनाएं ये तरीके

**आप चाहते हैं कि आपके कपड़े धोने के बाद भी नए जैसे बने रहें? अक्सर धुलाई के बाद कपड़े पुराने और फीके लगने लगते हैं। लेकिन, कुछ आसान टिप्स से हम अपने कपड़ों को लंबे समय तक नया जैसा रख सकते हैं। आज हम आपको ऐसे ही कुछ आसान तरीके बताएंगे जो कपड़ों को जल्दी फीका होने से बचाएंगे। यह न केवल हमारे कपड़ों को बचाता है बल्कि पैसे की भी बचत होती है क्योंकि हमें बार-बार नए कपड़े नहीं खरीदने पड़ते। तो, अगर आप भी अपने कपड़ों को हमेशा नए जैसा देखना चाहते हैं, तो ये टिप्स जरूर अपनाएं।**



**➢ठंडे पानी का इस्तेमाल करें**

कपड़े धोते समय गर्म पानी की जगह ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। ठंडा पानी कपड़ों के रंग को फीका पड़ने से बचाता है और उनकी चमक को लंबे समय तक बरकरार रखता है। इससे कपड़ों की अच्छी देखभाल होती है और वे ज्यादा समय तक नए जैसे बने रहते हैं।

**➢कपड़े पलटकर धोएं**

रंगीन और प्रिंट वाले कपड़ों को धोते समय उन्हें उल्टा कर दें। इससे धुलाई के दौरान उनके रंग और प्रिंट पर कम रगड़ होती है, जिससे वे फीके नहीं पड़ते और लंबे समय तक अच्छे बने रहते हैं। यह एक आसान लेकिन असरदार तरीका है कपड़ों की चमक और रंग को बचाए रखने का।

**➢नरम डिटर्जेंट का उपयोग करें**

कपड़े धोने के लिए तेज केमिकल वाले डिटर्जेंट की जगह, नरम और हल्के डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें। ऐसे डिटर्जेंट कपड़ों को नुकसान नहीं पहुंचाते और उनका रंग भी सुरक्षित रखते हैं। इससे आपके कपड़े ज्यादा दिनों तक अच्छे और नए रहेंगे।

**➢धूप में सुखाने से बचें**

कपड़ों को धूप में सुखाने पर उनका रंग फीका पड़ सकता है। इससे बचने के लिए, उन्हें घर के अंदर या छाया में सुखाएं। यह तरीका आपके कपड़ों के रंग को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करेगा। इससे आपके कपड़े नए जैसे बने रहेंगे और उनकी चमक भी बरकरार रहेगी।

**➢कपड़े अलग-अलग धोएं**

अपने सफेद और रंगीन कपड़ों को अलग-अलग धोने का ध्यान रखें। इससे आपके रंगीन कपड़ों का रंग सफेद कपड़ों पर नहीं छूटेगा। अलग-अलग धोने से कपड़ों का रंग सही रहता है और वे लंबे समय तक नए जैसे बने रहते हैं।

# घुटने और कूल्हे के प्रत्यारोपण के लिए रोबोटिक सर्जरी से इलाज

**घुटने और कूल्हे के दर्द से पीडित मरीजों के लिए परेल स्थित ग्लेनेईगल्स अस्पताल में अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी द्वारा इलाज शुरू किया हैं। यह अत्याधुनिक तकनीक सर्जरी की शुद्धता को बढ़ाने, रिकवरी समय को कम करने और मरीजों को बेहतर परिणाम देने के लिए डिज़ाइन की गई है।**

ऑर्थोपेडिक विभाग के विशेषज्ञ डॉ. अनुप खत्री, डॉ. गिरीश भालेराव, डॉ. श्रीधर आर्चिक, डॉ. एस.वी. वैद्य और डॉ. नीलकंठ धामणकर की टीम इस नई तकनीक से मरीजों की सर्जरी कर रही है। इस तकनीक से डॉक्टर पहले से सटीक योजना बना सकते हैं और ऑपरेशन के दौरान भी बदलाव कर सकते हैं, जिससे मरीज को बेहतर परिणाम मिलता है। इस तकनीक से पहला फायदा उठाने वाले मरीज हैं 80 साल के भरत चौहान, जिन्हें 15 साल से जोड़ों में दर्द था। 27 मई 2025 को उनका रोबोटिक घुटने का ऑपरेशन हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत डर लग रहा था, लेकिन दर्द बहुत बढ़ गया था। ऑपरेशन के अगले ही दिन दर्द चला गया। अब मैं सहारे से चल पा रहा हूं और हर दिन ताकत वापस पा रहा हूं। विरार की 40 वर्षीय संध्या सिंह को गिरने के बाद उनके दाहिने पैर में गंभीर लिगामेंट इंजरी हो गई थी। उनके दाहिने पैर की रोबोटिक सर्जरी और बाएं पैर की पारंपरिक सर्जरी की गई। उन्होंने कहा कि सर्जरी से पहले चलना भी मुश्किल हो गया था। अब रोबोटिक तकनीक और डॉ. गिरीश एल. भालेराव की विशेषज्ञता की वजह से मुझे फिर से स्थिरता और गति मिल रही है।





# जब सलमान खान ने भरी महफिल में श्रीदेवी की तारीफ में कही थी ये बातें

सलमान खान और पहली फीमेल सुपरस्टार कही जाने वाली एक्ट्रेस श्रीदेवी ने फिल्म चंद्रमुखी में साथ काम किया था। ये फिल्म तो फ्लॉप हुई थी लेकिन दोनों को स्क्रीन पर पसंद किया गया था। सलमान, हमेशा से श्रीदेवी के फैन रहे हैं। उन्होंने कई शोज में एक्ट्रेस के लिए अपनी पसंद जाहिर की है। यहां तक कि एक अवार्ड शो में जब उन्हें मौका मिले था कि वो श्रीदेवी को अपने शब्दों से सम्मानित करें तो उन्होंने ये मौका जाने नहीं दिया। उन्होंने अपने स्टारडम को पीछे रखते हुए श्रीदेवी को स्टेज पर वेलकम किया था। उनके सम्मान में जो बातें कहीं थीं उससे श्रीदेवी भी खुश हो गई थीं। ये बात है जी सिने अवार्ड 2017 की। इसी साल उनकी 300वीं फिल्म मॉम रिलीज हुई थी। श्रीदेवी के इन 300 फिल्मों के सफर को सलाम करते हुए सलमान ने कहा था, 'शाहरुख खान है, मैं हूं, आमिर खान है, ऋतिक रोशन है, अक्षय कुमार हैं। हम सभी ने बहुत काम किया है।




अगर आप हम सबकी फिल्में जोड़ दें तो 200-250 हो जाएंगी। लेकिन हमारी फिल्म इंडस्ट्री में एक लीजेंड हैं। बहुत ही टैलेंटेड, खूबसूरत, डेडिकेटेड, मेहनती, प्रोफेशनल। उन्होंने 300 फिल्में की हैं। एक छोटे से समय के अंदर 300 फिल्में, एक लीड हीरोइन के तौर पर करना बहुत ही मुश्किल है।'सलमान ने आगे कहा, 'कभी एक ही फिल्म में वो बच्ची होती हैं, फिर उसी में वो बड़ी हो जाती हैं। जुड़वा बहन बन जाती हैं, मां बन जाती हैं, बेटी भी वही होती हैं। चार्ली चैपलिन बन जाती हैं। गा भी लेती हैं। सोचिए, अगर वो ये फैसला नहीं करती कि उन्हें फिल्मों में काम करना है। तो इस इंडस्ट्री का क्या होता। हम जैसे फैंस का क्या होता। मुझे नहीं लगता है कि हमारी फिल्म इंडस्ट्री के अंदर इस लीजेंड जैसा कोई आएगा और आया है। वो नाम है श्रीदेवी।' सलमान उन्हें स्टेज पर लेकर आते हैं। इसके बाद श्रीदेवी आती हैं और सलमान खान को इतने सम्मान और प्यार के लिए उनका शुक्रिया अदा करती हैं। हालांकि, श्रीदेवी अब इस दुनिया में नहीं रही हैं।

# दीपिका पादुकोण को नहीं पॉलिटिक्स का आइडिया



छपाक फिल्म की रिलीज के वक्त दीपिका पादुकोण प्रोटेस्ट कर रहे जेएनयू के छात्रों के समर्थन में खड़ी हुई थीं। इस बात पर उनका काफी विरोध हुआ था और इसका असर छपाक फिल्म पर भी पड़ा था। अब फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री का कहना है कि उन्हें यकीन है कि दीपिका को जेएनयू की राजनीति का पता नहीं रहा होगा। वो उनके पीआर की गलती थी जिसका खामियाजा दीपिका पादुकोण को भुगतना पड़ा। विवेक अग्निहोत्री शुभंकर मिश्रा से बोले, 'मैं गारंटी ले सकता हूं कि दीपिका जब वहां गईं तो उनको जेएनयू पॉलिटिक्स का जरा भी आइडिया नहीं था।' जब उनसे पूछा गया कि क्या दीपिका इतनी स्मार्ट नहीं हैं कि सिचुएशन को समझ सकें? इस पर विवेक बोले, 'यह मूर्ख होने का मसला नहीं है। उनके पीआर ने उनसे कहा होगा कि यह सही मौका है अपनी फिल्म प्रमोट करने का क्योंकि यूनिवर्सिटी राजनीति से जुड़ी है और फिल्म भी पॉलिटिकल है। अगर वह जानतीं तो नहीं आतीं।'

विवेक ने कहा कि कोई बिना मंशा के भी राजनीति में आने के कई रिस्क हैं। वह बोलते हैं, 'आप आग के साथ खेलते हैं तो जलेंगे। मैं दीपिका का पर्सनली नहीं जानता तो मैं नहीं जानता कि उनकी आइडियोलॉजी क्या है। मुझे पता है कि वह बहुत ही स्मार्ट और इंटेलिजेंट महिला हैं। अगर उन्हें पता होता कि राजनीतिक रूप से यह कितनी सेंसिटिव जगह है तो और इसका असर उनके करियर पर पड़ सकता है तो वह वहां कतई नहीं गई होतीं।' विवेक आगे बोलते हैं, 'फिल्म प्रमोशन के वक्त कई सारे लोग स्टार्स को सलाह दे रहे होते हैं कि क्या करो और किससे बात करो। उनके पीआर ने गलती कर दी, उन्हें लगा कि यह एक इवेंट है पर वो इवेंट नहीं था। पॉलिटिक्स में घुसने पर तो उनसे बड़ी मछलियां भी तल दी जाती हैं।' दीपिका पादुकोण ने छपाक फिल्म में एसिड पीड़िता मालती का रोल निभाया था। दीपिका साल 2020 में जेएनयू कैंपस में अटैक के बाद प्रोटेस्ट कर रहे छात्रों के साथ खड़ी हुई थीं। उस वक्त उनकी फिल्म छपाक रिलीज होने वाली थी। इस बात पर काफी विरोध हुआ था और छपाक फिल्म का बॉयकॉट किया गया था।




# बॉर्डर 2 के नए शेड्यूल की शूटिंग शुरू

सनी देओल स्टारर फिल्म बॉर्डर 2 इन दिनों सुर्खियों में है। गदर 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद अब फैंस सनी देओल को नई पीढ़ी के साथ बॉर्डर 2 में देखने का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म कई मायनों में खास है। 28 साल पहले आई बॉर्डर की कहानी और गीतों से ऑडियंस की यादें जुड़ी हैं। उस फिल्म से हर एक किरदार मशहूर हुआ था। अब नई पीढ़ी के साथ सनी देओल को देखने का इंतजार हो रहा है। मेकर्स ने फिल्म की स्टार कास्ट के साथ एक तस्वीर शेयर की है।

वरुण धवन, अहान शेट्टी के अलावा दिलजीत दोसांझ का होना फिल्म कोऔर मजबूत बना रहा है। मंगलवार को फिल्म के मेकर्स और स्टारकास्ट ने एक ग्रुप तस्वीर शेयर की, जिसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन एक साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ यह जानकारी दी गई कि फिल्म का तीसरा शेड्यूल पुणे स्थित नेशनल डिफेंस एकेडमी में शुरू हो चुका है। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम पर भी शेयर की है। इस फोटो में पहली बार फिल्म की पूरी मुख्य स्टारकास्ट एक फ्रेम में नजर आई है। तस्वीर में वरुण धवन नए लुक में मूंछों के साथ नजर आ रहे हैं। सरदार दिलजीत और सनी देओल को साथ देखना मजेदार होने वाला है। 1997 में आई जेपी दत्ता के डायरेक्शन में बनी बॉर्डर का सीक्वल बॉर्डर 2 एक देशभक्ति फिल्म है। एक बार फिर सनी कुलदीप सिंह के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म बॉर्डर 2 का डायरेक्शन अनुराग सिंह कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले अक्षय कुमार की केसरी बनाई थी। फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को थिएटर में रिलीज होगी।

# अरुणा ईरानी ने काम के लिए महमूद पर डाले थे डोरे

## बोलीं- उन्होंने ही कैरियर बर्बाद किया



अरुणा ईरानी ने महमूद के साथ औलाद, देवी, हमजोली और नया जमाना जैसी फिल्मों में काम किया है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि काम के लिए उन्होंने महमूद को रिझाने की कोशिश की थी। धीरे-धीरे उनकी दोस्ती गहरी हो गई। महमूद की वजह से उनका करियर बन गया लेकिन उन्होंने अरुणा का करियर बर्बाद भी कर दिया।

अरुणा ईरानी ने बताया कि उनकी पत्नी नहीं चाहती थीं कि महमूद उनके साथ काम करें। इसके बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। अरुणा ईरानी लेहरें रेट्रो से बात कर रही थीं। उन्होंने महमूद से अपने रिलेशनशिप पर बात की। अरुणा बताती हैं, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था, 'तू महमूद को घास डाल, वही तुझे काम दिला सकते हैं।'मैं भी महमूद को हां और ना कर रही थी। लेकिन वह भी उसके आधार पर मुझे काम देने लगे और धीरे-धीरे मेरे मन में उनके लिए सॉफ्ट कॉर्नर पैदा हो गया। उनकी वजह से मैंने पैसा, फेम, नाम देखा और सोचा, 'मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी।' फिर हम दोस्त बन गए और दोस्त से ज्यादा लेकिन बस यहीं तक था।' अरुणा ने बताया कि वह महमूद को खुश करने के लिए पूरी ताकत लगा देती थीं। बोलीं, 'हद से बाहर जाकर मैंने उन्हें खुश किया। मैं बहुत गरीब घर से आई थी और मैंने पहली बार नाम, शोहरत और पैसा देखा था।' अरुणा बताती हैं कि विनोद खन्ना उन्हें अपनी फिल्म में हिरोइन बनाना चाहते थे। उन्होंने महमूद से इजाजत ली थी।

# रोहित शेट्टी-अजय देवगन अगले साल से शुरू करेंगे 'गोलमाल फाइव' की शूटिंग






रोहित शेट्टी और अजय देवगन की जोड़ी ने अब तक करीब 13 फिल्मों में काम किया है। उनकी अधिकतर फिल्में सफल रही हैं। अब ताजा रिपोर्ट की मानें तो एक्टर-डायरेक्टर की जोड़ी गोलमाल फ्रंचाइजी के लिए एक बार फिर से साथ आ रहे हैं। पिछली गोलमाल में अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपडे, जॉनी लीवर समेत कई एक्टर्स नजर आए थे। अब ये सभी सभी गोलमाल फाइव में भी साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगले साल से शुरू होने की खबर है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शेट्टी इस समय मुंबई में जॉन अब्राहम के साथ राकेश मारिया की बायोपिक की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म सितंबर 2025 तक पूरी हो जाएगी और फिल्म प्रोड्यूसर चाहते हैं कि इस साल तक फिल्म की शूटिंग और एडिटिंग खत्म की जाए ताकि अगले साल की शुरुआत में ही इसे रिलीज कर दिया जाए। राकेश मारिया की बायोपिक पर काम पूरा करने के तुरंत बाद, रोहित गोलमाल फाइव की तैयारी में जुट जाएंगे और फरवरी या मार्च 2026 तक इसे फ्लोर पर ले जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म की कहानी तैयार है। डायरेक्टर जल्द इस फिल्म की शूटिंग में लगेंगे। बताया जा रहा है कि गोलमाल की स्क्रिप्ट पर नए राइटर्स ने तैयार की है। इसका फाइनल वर्जन सितंबर तक लॉक कर दिया जाएगा। गोलमाल फाइव में अजय देवगन के अलावा अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुनाल खेमू, श्रेयस तलपडे और जॉनी लीवर जैसे एक्टर्स एक साथ आएंगे। लेकिन अभी फिल्म की हीरोइन का नाम सामने नहीं आया है। इस फ्रंचाइजी की सभी फिल्मों में अब तक रिमी सेन, करीना कपूर, परिणीती चोपड़ा, तब्बू जैसी एक्ट्रेस नजर आ चुकी हैं।

# गोविंदा की पत्नी सुनीता ने सोशल मीडिया से हटाया पति का सरनेम



गोविंदा और सुनीता आहूजा के रिश्ते में दरार की खबरें काफी समय से चर्चा में हैं। हालांकि दोनों ने इन खबरों को गलत बताया है। अब इस बीच सुनीता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से सरनेम हटा दिया जिसके बाद इन खबरों को और हवा मिल गई, लेकिन अब सुनीता ने इस पर अपनी सफाई दी है। सुनीता ने बताया कि ऐसा करने के पीछे की उनकी एक खास वजह है और वो क्या है, हम आपको बताते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सुनीता ने कहा, 'मैंने आहूजा सरनेम हटाया और अपने नाम में एक्सट्रा एस ऐड किया है। लेकिन ये बदलाव मैंने न्यूरोलॉजी की वजह से किया है। मुझे नाम और फेम चाहिए और किसको ऐसा नहीं चाहिए।' सुनीता से फिर पूछा गया कि क्या इससे उन्हें फायदा हुआ? तो उन्होंने कहा, 'हां बिल्कुल देखो न मैं कितनी वायरल हो रही हूं पिछले कुछ महीनों से। मैं पूरे इंटरनेट में छाई हुई हूं।' वहीं सरनेम हटाने पर फिर आगे सुनीता ने कहा, 'मैं आहूजा हूं और ये कभी बदल नहीं सकता है। ये सरनेम तभी हटेगा जब मैं इस दुनिया से चली जाऊंगी।' वहीं तलाक की खबरों पर सुनीता ने कहा, 'हम एक हैप्पी फैमिली हैं। जब तक कि हमारी तरफ से कुछ कहा नहीं जाता फालतू की बातों पर विश्वास ना करें।' कुछ दिनों पहले सुनीता ने गोविंदा के करियर का ग्राफ गिरने पर कहा था, 'क्यों गोविंदा 17 सालों से नहीं दिख रहा? दिक्कत है उनका खराब सर्कल। वह गलत सर्कल में हैं। मेरी उनसे आज के समय में लड़ाई ही इसलिए है क्योंकि मैं झूठ नहीं बोल सकती हूं और ना ही मैं मक्कख लगाने वाली बात कर सकती हूं।'

# सामंथा रुथ प्रभु ने पैप्स की लगाई झिड़की

सामंथा रुथ प्रभु का एक वीडियो वायरल है। इसमें वह पैप्स पर गुस्सा निकालती दिख रही है। सामंथा जिम आउटफिट्स में हैं। वह फोन पर किसी से बात कर रही हैं। फोटो खींचने वालों को रही हैं पर लोग उनके आगे-पीछे घूम रहे हैं। तभी पपराजी उन्हें विश करते हैं समांथा बहुत गुस्से में जवाब देकर गाड़ी में बैठ जाती हैं। अब इस वीडियो पर लोग कई तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। तेलुगु एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अब हिंदी दर्शकों के बीच भी अपनी अच्छी पहचान बना चुकी हैं।



हाल ही में मुंबई में जब वह जिम करके लौटीं तो पैप्स पर उन्होंने गुस्सा निकाल दिया। फ्री प्रेस जर्नल ने सामंथा का वीडियो ट्वीट किया है। इसमें वह जिम बाहर थोड़ी परेशान दिख रही हैं। वह अपनी कार खोज रही होती हैं। लोग सामंथा की फोटो खींचते हैं तो वह मना करती हैं। वह शायद अपने ड्राइवर से कार के बारे में पूछ रही होती हैं। सामंथा घूमकर दूसरी तरफ आती हैं तो वहां भी पैप्स मिल जाते हैं। एक फोटोग्राफर उनको गुडमॉर्निंग बोलता है तो सामंथा गुस्से में 'स्टॉप इट गाइज' बोलकर निकल जाती हैं। Voompla पर क्लिप शेयर की गई है। इस पर लोगों के कमेंट्स हैं। इनमें कुछ लोगों ने सामंथा को सपोर्ट किया है तो कुछ उन्हें रूड बोल रहे हैं। एक ने लिखा है, 'सीरियसली इन लोगों को थोड़ी प्रिवसी देनी चाहिए, उन्हें सांस लेने दो।' एक कमेंट है, कम से कम गुडमॉर्निंग बोल देती। एक ने लिखा है, भाई ने सच्चाई खोल दी, बिना मेकअप लुक्स। वैसे ठीक-ठीक है। एक कमेंट है, शायद जिम में कुछ बड़ी घटना हो गई। एक ने लिखा है, मेकअप नहीं है तो कैमरा फेस करने का कॉन्फिडेंस भी नहीं है। एक ने लिखा है, सामंथा का असली रूप सामने आ गया।



# स्वरा भास्कर ने लोगों से की गाजा रैली में शामिल होने की अपील

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर अक्सर सामाजिकऔर राजनीतिक मुद्दों पर बेबाकी से बोलने के लिए ट्रोल होती रही हैं। उनके विचारों को समर्थन भी मिलता है और उनके खिलाफ भी बोला जाता है। अब ऐसे में स्वरा ने एक बार फिर एक ऐसा मुद्दा छेड़ दिया है, जिसपर बहस शुरू हो गई है। एक्ट्रेस ने फिलिस्तीन और गाजा के समर्थन में एकजुटता रैली का पोस्टर शेयर करते हुए मुंबई के लोगों से इस रैली में शामिल होने की अपील की है।

स्वरा ने X पर एक पोस्ट शेयर किया है और अपील की है कि मुंबई के लोग 18 जून को होने वाली रैली में शामिल हों। यह रैली बुधवार को आजाद मैदान में आयोजित की जाएगी, जिसे भाकपा, भाकपा माले और समाजवादी पार्टी जैसे राजनीतिक दलों और कुछ अन्य संगठनों ने आयोजित किया है। स्वरा की इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें भारत के मुद्दों पर नहीं बोलने के लिए ट्रोल कर रहे हैं। कुछ ने स्वरा को पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर की याद दिला दी। एक यूजर ने लिखा, 'पहलगाम के लिए ये सब नहीं किया', एक दूसरे यूजर ने लिखा, 'पहलगाम, बांग्लादेशी हिंदू, सीरिया के क्रिस्चियन, सूडान में क्रिस्चियन, पाकिस्तान में हिंदू, क्रिस्चियन को छोड़कर इसे सिर्फ इसकी चिंता है।' एक यूजर ने लिखा 'फिलिस्तीन चली जाओ', अन्य यूजर ने लिखा 'आप हमेशा एक ही पक्ष के लिए विरोध क्यों करती हैं? पहलगाम के पीड़ितों का क्या?"वैसे ये कोई पहली बार नहीं है जब स्वरा भास्कर ने किसी अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर अपनी राय दी हो। इससे पहले भी वह रोहिंग्या मुद्दे पर भी एक्ट्रेस अपना पक्ष रख चुकी हैं। उन्हें अपने इन्हीं विचारों के लिए ट्रोल किया गया है।

# जावेद जाफरी का घर नहीं है किसी फाइव स्टार होटल से कम



बॉलीवुड एक्टर जावेद जाफरी का घर फिल्म इंडस्ट्री के कई सुपरस्टार्स के घरों से बड़ा और आलीशान है। इस घर में तीन बड़े हॉल, एक बहुत बड़ी बालकनी है। एक्टर के इस घर में फैंसी आइटम का इस्तेमाल कम ही किया गया है। बॉलीवुड एक्टर जावेद जाफरी का घर किसी बड़े फिल्मस्टार के घर से भी बहुत बड़ा और शानदार है। ये घर का एंट्रेंस एरिया है। साइड में कांच की दीवार देखी जा सकती है। जावेद ने अपने इस आशियाने को खूबसूरती से सजाया हुआ है।

ये जावेद जाफरी के घर का लिविंग एरिया है। एक बड़ा सा हॉल, बालकनी व्यू भी है। शानदार वाइट कवर सोफे, ज्यादा फैंसी आइटम नहीं दिख रहे हैं। जावेद जाफरी के घर का ये डाइनिंग एरिया साधारण और बिना किसी बड़े फैंसी आइटम के है। यहां बस एक डाइनिंग टेबल, कुर्सियां और खूब सारी जगह है। ये हिस्सा भी घर की बालकनी से जुड़ा हुआ है। जावेद के घर ये हॉल थोड़ा प्राइवेट है। यहां परिवार के सदस्य बैठकर टाइम बिताते हैं। साइड में राउंड सोफे हैं और एक शानदार टेबल जो इस एरिया की खूबसूरती को और ज्यादा बढ़ा रही है। जावेद जाफरी के घर का ये दूसरा हॉल है जो आलीशान है। हर हॉल में अलग रंगों के इस्तेमाल को देखा जा सकता है। यहां भी कांच की दीवार का इस्तेमाल किया गया है। जावेद जाफरी के घर का सबसे खूबसूरत हिस्सा उनके घर की बालकनी। ये बालकनी इतनी बड़ी है कि जहां तक आपकी नजर जा रही है वहां तक फैली हुई है। यहां से दिलीप कुमार, कृति सेनन का घर भी नजर आता है।





# निर्धारित अवधि में पूरा करें एयरपोर्ट का निर्माण कार्य : मनोज सिंह

## मुख्य सचिव ने एयरपोर्ट निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, की बैठक





**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली।

निरीक्षण एवं बैठक के दौरान यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, यमुना प्राधिकरण के ओएसडी/नोडल अधिकारी जेवर एयरपोर्ट शैलेंद्र कुमार भाटिया, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के विनायक पाई , डीजीसीए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड( YIAPL) टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (NIAL) के अधिकारियों ने मुख्य सचिव को रनवे, टर्मिनल भवन, एसटीपी, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, कार्गो सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए।

बैठक के उपरांत मुख्य सचिव ने एटीसी बिल्डिंग , टर्मिनल भवन, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट , पथवाया नाला एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता ऊपरी माट शाखा गंग नहर खुर्जा मोर मुकुट, सहायक अभियंता अशोक कुमार जैन एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकार की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार तेज



**नोएडा ( चेतना मंच )।** केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में भाजपा द्वारा सभी मंडलों में विशेष जन–जागरूकता अभियान मोहल्ला चौपाल/ ग्राम चौपाल का आयोजन हो रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सरकार की नीतियों, योजनाओं और जन–कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी आमजन को देना है, जिससे वे जान सकें कि इन 11 वर्षों में देश ने किस प्रकार से समृद्धि, सुरक्षा और सम्मान के नए आयाम स्थापित किए हैं।

आयोजन के दौरान जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और सैनिक—हर वर्ग को सशक्त किया है। हर गांव तक बिजली, पानी, सड़क और योजनाएं पहुंची हैं।

अभियान के संयोजक महेश अवाना ने बताया कि प्रत्येक मंडल में नुक्कड़ सभाएं, महिला चौपाल, ग्राम चौपाल और जन संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत और स्वच्छ भारत मिशन पर विशेष फोकस रहेगा।

कार्यक्रम में उमेश त्यागी डिंपल आनंद चंदगीराम यादव अमित त्यागी मनोज चौहान अर्पित मिश्रा कल्लू सिंह अशोक मिश्रा नीरज चौधरी प्रदीप चौहान रामकिशन यादव गौतम शर्मा दीनबंधु कुशवाहा सत्यनारायण महावार इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मीडिया क्लब का सहयोग करते रहेंगे : पंकज सिंह



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा मीडिया क्लब के पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में नोएडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पंकज सिंह के कार्यालय सेक्टर–26 में मुलाकात की और उनके समुख पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए मांग रखी। विधायक ने उनकी बातों को सुनने के बाद पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में सहयोग करने में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक नोएडा एवं उपाध्यक्ष भाजपा उत्तर प्रदेश पंकज सिंह ने कहा कि वह समय–समय पर मीडिया क्लब को सहयोग करते रहेंगे और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान में हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।मिलने गए प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष अमित चौधरी, महासचिव जयप्रकाश सिंह, सचिव जगदीश शर्मा आदि मौजूद थे।

## जिला कारागार, अनाथालयों, वृद्धाश्रम एवं पुलिस लाइन में आज कराया जाएगा योगा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में 21 जून 2025 तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में मंगलवार को ओखला बर्ड सैंक्चुरी में जिला होम्योपैथिक अधिकारी प्रीति सिंघल, आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, योग संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आम जनमानस की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया तथा संवाद के माध्यम से योग से होने वाले लाभों से परिचित भी कराया। इसी के साथ ग्राम पंचायत घोड़ी बछेड़ा के साथ–साथ अन्य ग्राम पंचायतों में भी योग सत्र एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंपों का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गौतमबुद्धनगर डॉ. धर्मेंद्र कुमार केम ने बताया कि इसी प्रकार आज जिला कारागार, अनाथालयों, वृद्ध आश्रम, पुलिस लाइन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में भी योग सप्ताह के तहत योगाभ्यास कराया जाएगा।

## 18 जून को किसान दिवस का आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जनपद के समस्त कृषकों को बताया कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए 18 जून 2025 को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

उप कृषि निदेशक ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आयोजित होने वाले किसान दिवस में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर स्वयं उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें।

## हाजीपुर शक्ति केन्द्र में भाजपा ने लगाई चौपाल,पत्रक बांटे



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सेवा और सुशासन के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत नोएडा महानगर के सभी मंडलो में जिलाध्यक्ष महेश चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किये गए तथा उपलब्धियों के पत्रक बांटे गए। अटल बिहारी वाजपेई मंडल के हाजीपुर शक्ति केंद्र के सेक्टर–99 में '11 साल बेमिसाल' के उपलक्ष्य में चौपाल कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा नेत्री रचना जैन उपस्थित रही।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष नीरज चौधरी के साथ सभी कार्यक्रम संयोजक, सेक्टर संयोजक व देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एमिटी विश्वविद्यालय में योग समावेश का आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों को योग के महत्व को समझाने और आने वाले अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन द्वारा आयुष मंत्रालय के मोरराजी देसाई नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ योग के सहयोग से ''योग समावेश'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को विभिन्न आसनों, प्रणायाम आदि की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, कन्या गुरूकुल की संस्थापक अचार्या डा सीमा, डब्लूएचआरएफ ट्रस्ट की संस्थापक डा नेहा वशिष्ठ और एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के मेंटर डा एस के श्रीवास्तव ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

इस योग समावेश में 12 से 35 वर्ष आयु वर्ग की युवा महिलाओं को सशक्त एवं स्वस्थ बनाने के लिए ''महिलाओं के लिए योग- शक्ति और शांति'' नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि योग को लंबे समय से लचीलापन, संतुलन और शक्ति बढ़ाने के लिए एक लाभकारी तरीके के रूप में जाना जाता है। आज विश्व में शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने के लिए योग के श्वास, आसन और ध्यान के संयोजन को चुनने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है।

कन्या गुरूकुल की संस्थापक आचार्या डा सीमा ने कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ शरीर और मानसिकता के लिए योग को जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करना होगा। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करके, छात्र बेहतर एकाग्रता विकसित कर सकते हैं।

डब्लूएचआरएफ ट्रस्ट की संस्थापक डा नेहा वशिष्ठ ने कहा कि प्राचीन समय योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग रहा है और अब इसके महत्व का सारे विश्व एंव विज्ञान ने भी मान लिया है।

इस अवसर पर एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के के डा संजय सिंह, डा उमेश, डा गरिमा जयसवाल, डा सोनिया और सुश्री कविता उपस्थित थी।

